सुविचार

यह मत भूलें कि जो शरीर व मस्तिष्क ईश्वर ने विश्व के सबसे सफल व्यक्ति को दिया है, वही आपको भी दिया है। बस आपको उसका उपयोग कैसे करना है, यह आप तय करेंगे।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।। | निष्पक्ष कलम ✒ निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार" | हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com | हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 17 | अंक: 241 | पेज: 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, गुरुवार 23 मार्च, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com


## 106 हस्तियों को पद्म पुरस्कार

### पंडवानी गायिका उषा पीएम के सामने घुटनों के बल बैठीं, हिराबाई ने राष्ट्रपति के कंधे पर हाथ रखा

गरीबों का सितारा

**नई दिल्ली।** गुजरात की रहने वाली हिराबाई बेन इब्राइमभाई लॉबी को पद्मश्री से नवाजा गया। उन्हें सिद्दी समुदाय के उत्थान के लिए ये सम्मान दिया गया है। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को 106 लोगों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने पहला सम्मान आर्किटेक्ट बालकृष्ण दोषी को दिया। उनकी बेटी ने पिता को मिला पद्म विभूषण सम्मान ग्रहण किया। इसके बाद बिजनेसमैन कुमार मंगलम बिड़ला को व्यापार और उद्योग क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। बिड़ला परिवार में पद्म पुरस्कार पाने वाले कुमार मंगलम चौथे व्यक्ति बन गए हैं। इससे पहले उनकी मां राजश्री बिड़ला को पद्म भूषण, दादा बसंत कुमार बिड़ला को पद्म भूषण और उनके परदादा घनश्याम दास बिड़ला को पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। पंडवानी गायिका उषा को पद्म श्री से नवाजा गया। उन्होंने सम्मान लेने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रणाम किया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रपति के पैर छूकर सम्मान ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।



**राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित की जाने वालीं हस्तियां**

पद्म पुरस्कार पाने वाले 106 लोगों में 19 महिलाएं भी हैं। 6 लोगों को पद्म विभूषण, 9 को पद्म भूषण और 91 को पद्मश्री दिया गया है। इन पुरस्कारों के नामों का ऐलान 25 जनवरी को किया गया था।

## कोरोना पर मीटिंग में PM का जिनोम सिक्वेंसिंग पर जोर

### कहा– सर्विलांस रखें, सांस की बीमारी से पीड़ित सभी मरीजों की टेस्टिंग की जाए



गरीबों का सितारा

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर हाईलेवल मीटिंग की। उन्होंने मीटिंग में सर्विलांस, जीनोम टेस्टिंग और सांस की बीमारी से पीड़ित सभी मरीजों की टेस्टिंग करने पर जोर दिया। देश में इन दिनों कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा के केसेज में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मीटिंग में स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया समेत कई स्वास्थ्य अधिकारी शामिल रहे। भारत में मंगलवार को कोरोना के 1134 नए मामले सामने आए। जबकि 5 लोगों की मौत हो गई। 662 मरीज ठीक हुए। वहीं, एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 7026 हो गई है। उधर, देश में अब तक कोविड वैक्सीन के 220.65 करोड़ डोज दिए जा चुके हैं। देश में कोरोना का पहला केस 28 फरवरी 2020 को मिला था। तब से अब तक देश में 4.46 करोड़ से ज्यादा केस सामने आ चुके हैं। 5 लाख से ज्यादा संक्रमितों की मौत हो चुकी है। कोविड मामलों में अचानक बढ़ोतरी के साथ-साथ H3N2 वायरस के मामलों में भी बढ़ोतरी हुई है, जो चिंता बढ़ाने वाली है। इन्फ्लूएंजा H3N2 से देश में अब तक 10 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं।

## आज से ट्रेन में AC 3-टियर इकोनॉमी का सफर सस्ता

### इंडियन रेलवे ने किराया घटाया, चादर और कंबल पहले की तरह मिलते रहेंगे

**नई दिल्ली।** नॉर्मल थर्ड अउ कोच की तुलना में अउ इकोनॉमी कोच में बर्थ की चौड़ाई थोड़ी कम होती है, इसलिए इसमें 72 की जगह 80 बर्थ होती हैं। रेलवे ने आज से पुराने सिस्टम को लागू करते हुए अउ 3-टियर इकोनॉमी क्लास का किराया कम कर दिया है। अब अउ-3 टियर की तुलना में इकोनॉमी क्लास में यात्री को 60-70 रुपए कम देने होंगे। रेलवे ने सितंबर 2021 में सस्ती अउ यात्रा सर्विस देने के लिए अउ-3 इकोनॉमी कोच की शुरूआत की थी, लेकिन नवंबर 2022 में अउ 3-टियर इकोनॉमी और अउ 3-टियर के मर्जर के कारण दोनों क्लास का किराया बराबर हो गया था। रेलवे ने आदेश जारी करते हुए कहा कि जिन यात्रियों ने पहले ही आज से आगे की डेट के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन टिकट बुकिंग की है, उन्हें नई दरों के हिसाब से पैसा रिफंड किया जाएगा। हालांकि काउंटर के जरिए ऑफलाइन टिकट बुक करवाने वाले यात्रियों को बचा हुआ पैसा वापस लेने के लिए अपने टिकट के साथ फिर से बुकिंग काउंटर जाना पड़ेगा। जब रेलवे ने अउ-3 इकोनॉमी कोच की शुरूआत की तो उसमें यात्रियों को चादर और कंबल नहीं दिए जाते थे, लेकिन इस क्लास को अउ-3 में मर्ज करने के बाद किराया बराबर कर दिया गया था। इससे अउ-3 इकोनॉमी कोच में भी चादर और कंबल दिए जाने लगे। अब रेलवे ने पुराने सिस्टम को फिर से लागू तो कर दिया है, लेकिन चादर और कंबल देने की व्यवस्था को वापस नहीं लिया गया है।

## तेज धूल भरी हवाओं के साथ हुई बूंदाबांदी

### बारिश से खेतों में पड़ी फसल को नुकसान की आशंका

**करौली।** करौली में बुधवार देर शाम एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया और आसमान में घने बादल छा गए। तेज धूल भरी हवाओं के साथ रिमझिम बारिश और बूंदाबांदी का दौर शुरू हुआ, जो देर तक जारी रहा। इस दौरान मामचारी, नादौती करौली सहित कई स्थानों पर बारिश हुई। बारिश से खेतों में पड़ी फसल को नुकसान की आशंका है। बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई है, जिसके चलते लोगों को ठंडक का एहसास होने लगा है। बुधवार सुबह मौसम पूरी तरह साफ था। न्यूनतम तापमान 14 डिग्री पहुंचने के कारण लोगों को हल्की ठंडक का एहसास हुआ, लेकिन दिन निकलने के साथ तेज धूप खिल गई। दोपहर बाद एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया और आसमान में बादल छा गए।

## जयपुर के लक्ष्मण सिंह को पद्मश्री

### पानी बचाने की चौका तकनीक से तालाब रिचार्ज किए, चारागाह बचाए

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** पानी बचाने की चौका तकनीक से तालाबों और चारागाहों की तस्वीर बदलने वाले जयपुर जिले के लापोड़िया निवासी लक्ष्मण सिंह को पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति भवन में हुए समारोह में लक्ष्मण सिंह को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री से सम्मानित किया। इस साल 25 जनवरी को लक्ष्मण सिंह सहित राजस्थान की चार हस्तियों को पद्मश्री देने की घोषणा की गई थी। कला के क्षेत्र में जयपुर के अहमद हुसैन और मोहम्मद हुसैन, समाज सेवा में लक्ष्मण सिंह और मूलचंद लोढ़ा को पद्मश्री देने की घोषणा की गई थी।राष्ट्रपति भवन में हुए समारोह में राजस्थान से लक्ष्मण सिंह ही पहुंचे थे।

### पानी बचाने की तकनीक से बदली 50 से ज्यादा गांवों की तस्वीर

लक्ष्मण सिंह जयपुर जिले में दूदू के लापोड़िया गांव के रहने वाले हैं। पिछले 40 साल से पानी बचाने और पर्यावरण के क्षेत्र में अहम योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। लक्ष्मण सिंह ने पानी बचाने की तकनीक और इसके लिए छेड़ी गई मुहिम से 50 से ज्यादा गांवों की तस्वीर बदल दी। लक्ष्मण सिंह ने पानी बचाने की चौका तकनीक से तालाब रिचार्ज किए, चारागाहों को बचाया।




**चौका तकनीक से बचाए चारागाह और तालाब, खुद के गांव से शुरूआत :** लक्ष्मण सिंह ने पानी बचाने की चौका तकनीक को सबसे पहले अपने गांव लापोड़िया से शुरू किया। इस काम को आगे बढाने के लिए नवयुवक मंडल लापोड़िया का सहयोग लिया। सबसे पहले खुद के गांव के तालाब में पानी रिचार्ज कर चारागाह को हरा भरा बनाया।

## राजस्थान सरकार पशुपालकों को कराएगी विदेश की सैर

### आठ लाख तक की आय वाले पशुपालकों के पशुओं का बीमा फ्री होगा

गरीबों का सितारा



**जयपुर।** राजस्थान सरकार प्रदेश के प्रगतिशील पशुपालकों को अब विदेश की सैर कराएगी। पशुपालन के क्षेत्र में बेहतरीन काम करने वाले चुनिंदा पशुपालकों को सरकारी खर्च पर विदेश भेजा जाएगा। बुधवार दोपहर बाद जयपुर में पशुपालक सम्मान समारोह के दौरान गहलोत ने इसकी घोषणा की है। इस साल 25 पशुपालकों को विदेश भेजा जाएगा। यह स्टडी ट्यूर होगा जिसमें पशुपालन के क्षेत्र में विदेशों में किए जा रहे इनोवेशन को देख सकेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में आठ लाख तक की आय वाले पशुपालकों का फ्री पशु बीमा कर की घोषणा की है। अब आठ लाख तक की आय वाले पशुपालकों का बीमा सरकार अपने खर्च पर करवाएगी। अभी तक पशुपालकों को अपने खर्च पर दुधारू पशुओं का बीमा करवाना होता है। गहलोत ने कहा कि चिरंजीवी योजना में जिस तरह 8 लाख तक की आय वालों का प्रीमियम सरकार भरती है उसी तरह अब आठ लाख तक की आय वाले पशुपालकों का बीमा प्रीमियम सरकार भरेगी। आठ लाख से ज्यादा आय वालों के प्रीमियम के बारे में भी तय किया जाएगा।




| पूर्वानुमान> | गुरु | शुक्र | शनि | रवि |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 31°c | 28°c | 30°c | 26°c |
| न्यूनतम> | 17°c | 17°c | 18°c | 17°c |

19°

# प्रसिद्ध शक्तिपीठ जीण धाम में चैत्र नवरात्रि का लक्खी मेला शुरू हुआ

मंदिर कमेटी ने विशेष फूलों से सजाया मां जीण भवानी का दरबार

नवरात्रि के पहले दिन हजारों श्रद्धालुओं ने नवाया माता के दरबार में शीश

## दांतारामगढ़ में प्रसिद्ध शक्तिपीठ जीण धाम में विधिवत रूप से शुरू हुआ मां जीण भवानी का लक्खी मेला







**दांतारामगढ़, (विनोद धायल/नरेश कुमावत/अरविंद कुमार)।** जीणमाता शक्तिपीठ जीणधाम का लक्खी मेला चैत्र नवरात्रा के पहले दिन बुधवार से शुरू हो गया। व्यवस्थापक महेन्द्र पुजारी, दीपक पुजारी, बजरंग पुजारी, रूपचंद पुजारी, रीछपाल पुजारी ने बताया की चांदी के वर्क की पोशाक पहनाकर मां का श्रृंगार किया गया। मुंबई के सिंदूर से मां का तिलक किया गया। अलग-अलग राज्यों से भक्त मां के दर्शन करने जीणधाम पहुंच रहे हैं। जीण माता के लक्खी मेले में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। घट स्थापना के साथ सुबह 5:30 बजे मां का दूध से अभिषेक किया गया। सात रंग की 20 पोशाक भी मां को धारण कराई गई। मां के लिए चांदी की पोशाक भक्तों ने तैयार किए थे। मां के श्रृंगार के लिए कोलकाता और दिल्ली से फूलों को मंगवाया गया है। हर दिन ताजा फूल मंदिर में पहुंचाए जाएंगे। भक्त माता के दर्शन करने के लिए राजस्थान, दिल्ली, पंजाब और हरियाणा से भक्त पहुंचे हैं। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, आरती का समय रोज सुबह 9 बजे और शाम को 6:45 बजे रहेगा।

### सुरक्षा को लेकर पुलिस के कड़े इंतजाम, करीब 800 पुलिसकर्मी मेले में तैनात

मेले में इस बार 100 सीसीटीवी लगाए गए हैं। मेले की हर गतिविधि पर इसके माध्यम से नजर रखी जा रही है। एसडीएम प्रतिभा वर्मा और एडिशनल एसपी रतन भार्गव के नेतृत्व में पुलिस, प्रशासन सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों मेले में व्यवस्थाओं को संभाल रखा है। मेले में होने वाली हर गतिविधि पर पुलिस की कड़ी नजर है। सीसीटीवी व ड्रोन कैमरा से निगरानी की जा रही है। भक्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस बार मेले में 6 लाइन बनाई गई है। इससे भक्त आसानी से माता के दरबार में धोक लगा सकेंगे। जीण माता धाम में 9 दिन तक मेला चलेगा। अगले 9 दिनों तक जीणधाम के बाजार में रौनक बनी रहे। एडिशनल एसपी रतनलाल भार्गव ने बताया की मेले की सुरक्षा की जिम्मेदारी 800 पुलिसकर्मियों पर है। इसमें 50 से अधिक पुलिसकर्मी सादी वर्दी में तैनात हैं। सादी वर्दी में पुलिसकर्मी जेबकतरों, चेन स्नेचरों व बाइक चोरी करने वाले बदमाशों पर नजर रख रहे हैं। इस साल 30 महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती भी मंदिर परिसर में की गई है। एसडीएम प्रतिभा वर्मा ने बताया कि जीण माता मेले के दौरान शराब और पशु बलि पर सख्ती से रोक रहेगी। इसके साथ ही डीजे पर भी रोक है। पशु बलि पर पुलिस पूरी तरह से निगरानी रखेगी। इसके अतिरिक्त 10 फीट से ऊंचा निशान लेकर श्रद्धालु मंदिर के अंदर प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

## पंचाग

दिनांक 23 मार्च 2023 गुरुवार
विक्रम संवत2080चैत्र शुक्ल पक्ष

| | | | |
|---|---|---|---|
| तिथि | द्वितीया | 18:20:19 | |
| पक्ष | शुक्ल | | |
| नक्षत्र | रेवती | 14:07:28 | |
| योग | ऐन्द्र | 27:41:15 | |
| करण | बालव | 07:15:54 | |
| करण | कौलव | 18:20:19 | |
| करण | तैतुल | 29:34:31 | |
| चन्द्र राशि | मीन | 14:07:28 | |
| चन्द्र राशि | मेष | 14:07:28 | |
| सूर्य राशि | मीन | | |
| दिशा शूल | दक्षिण | | |
| सूर्योदय(जयपुर) | 06:29:16 | | |
| सूर्यास्त | 18:38:04 | | |
| चंद्रोदय | 07:28:40 | | |
| चंद्रास्त | 20:28:43 | | |
| राहू काल | 14:05-15:36 | | |
| अभिजित | 12:09-12:58 | | |
| शुभ चोघडिया | | | |
| शुभ | 06:29-08:00 | | शुभ |
| चर | 11:03-12:34 | | शुभ |
| लाभ | 12:34-14:05 | | शुभ |
| अमृत | 14:05-15:36 | | शुभ |
| शुभ | 17:07-18:38 | | शुभ |



विशेष जानकारी:-
पंचक समाप्त:-14:07से तक
सिंजारा:-आज
गणगौरीपूजा मेला:-कल

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

# हिंदू नव वर्ष के मौके पर हिंदू जागरण मंच की ओर से धर्म यात्रा का हुआ

गरीबों का सितारा





**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर। शहर में बुधवार को हिंदू नव वर्ष के मौके पर हिंदू जागरण मंच की ओर से धर्म यात्रा का आयोजन किया गया। शाम को एमएम ग्राउंड से रवाना हुई धर्म यात्रा शहर के अनेक मार्गों से होती हुई जूनागढ़ पहुंची। जहां महा आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर के एवं गांव से जूनागढ़ तक पूरा शहर केसरिया साफे लगाए युवाओं से भरा नजर आ रहा था। धर्म यात्रा में हजारों की संख्या में युवा नाचते गाते पैदल चल रहे थे। वहीं बाइक पर सवार युवाओं के चौपहिया वाहनों में भी बड़ी संख्या में लोग धर्म यात्रा में शामिल हुए। इस बार पुलिस की मुस्तैदी कुछ ज्यादा ही नजर आई और बीकानेर में हनुमानगढ़ गंगानगर और चूरू से भी पुलिस के जवान और अधिकारी बुलाए गए। वहीं चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान नजर आ रहे थे। इसके अलावा पुलिस जवानों ने रास्ते में कई जगह वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी करते के जरिए नजर रखी। धर्म यात्रा के पूरे रास्ते में ड्रोन से वीडियोग्राफी करते हुए मॉनिटरिंग की गई। धर्म यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं की भी भागीदारी देखने को मिली और पिछली बार की तुलना में एक बार महिलाओं और युवतियों की संख्या ज्यादा नजर आई। धर्म यात्रा में रास्ते भर लोगों ने पैदल चल रहे लोगों का स्वागत किया और इस दौरान कई जगह फूलों की बरसात की गई। धर्म यात्रा में सांप्रदायिक सौहार्द का नजारा भी देखने को मिला। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यकताओं ने दाऊजी मंदिर के पास फूलों की बौछार करते हुए धर्म यात्रा का स्वागत किया।

# सालों पुरानी अस्त्र-शस्त्र पूजा की परंपरा को जिंदा रखे हुए हैं अलोदा का ठाकुर परिवार

गरीबों का सितारा



**सीकर (विनोद धायल)।** खाटूश्यामजी के नजदीकी गांव अलोदा में नव वर्ष व नवरात्रि के मौके पर शक्ति सिंह अलोदा का राजघराना शस्त्र पूजन की हजारों वर्षों पुरानी परंपरा को जिंदा रखे हुए हैं। आज के अवसर पर राजस्थान में कई राजघरानों ने मंदिरों में सैकड़ो लोगों के साथ अस्त्र-शस्त्र पूजा की। इस दौरान ठा. बजरंग सिंह शेखावत व शक्ति सिंह ने परिवार के लोगों के साथ कुल देवी के मन्दिर में मंत्रोच्चार के बीच परंपरागत ढंग से शस्त्र पूजा की।उनका परिवार अस्त्र और शस्त्र लेकर अलोदा पहुंचे। केसरिया साफे और हाथ में तलवार और अन्य अस्त्र-शस्त्र लेकर मां की आराधना करते हुए देश के खुशहाली की कामना की। आपको बता दें कि देश भर में हिंदू नव वर्ष व नवरात्रि के मौके पर अलग-अलग आयोजनों के जरिए शक्ति और शस्त्र की उपासना की जाती है। वहीं राजघराने शस्त्र पूजन की अपनी पुरानी परंपरा को नवरात्रि के दिन निर्वहन करते है। इस बार भी बरसों से अपनी क्षत्रिय कुल की परंपरा को जिंदा रखने के साथ साथ इसे आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से भव्य शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। सनातन परंपरा में शस्त्र और शास्त्र दोनों का बहुत महत्व है। शास्त्र की रक्षा और आत्मरक्षा के लिए धर्मसम्म्त तरीके से शस्त्र का प्रयोग होता रहा है। प्राचीनकाल में क्षत्रिय शत्रुओं पर विजय की कामना लिए इसी दिन का चुनाव युद्ध के लिए किया करते थे। पूर्व की भांति आज भी शस्त्र पूजन की परंपरा कायम है और देश की तमाम रियासतों और शासकीय शस्त्रागारों में आज भी शस्त्र पूजा बड़ी धूमधाम के साथ की जाती है। केसरिया साफा और हाथ में तलवार लेकर मां की आराधना के बाद विजयादशमी पर पथ प्रेरणा पदयात्रा निकाली गई। इस अवसर पर शक्ति सिंह ने कहा कि शस्त्र समाज के रक्षक होते हैं और इसलिए विजयादशमी के दिन समाज के रक्षकों यानी शस्त्र की पूजा होती है। बरसों तक तलवार और कुल्हाड़ी ने समाज की रक्षा की तो उसकी पूजा की जाती थी। अब उसका स्थान राफेल जैसे आत्याधुनिक हथियारों ने ले लिया, तो हमारा देश उनकी पूजा करता है. इसके साथ ही शक्ति सिंह ने राजपूत समाज की हजारों बरसों पुरानी इस परंपरा को आगे बढ़ाना जरूरी बताया है। उन्?होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी में भी शस्त्र पूजन को लेकर ज्ञान हो इसके लिए हजारों वर्षों पुरानी परंपरा को जीवित रखने के लिए हर नवरात्रि के दिन शस्त्र पूजा की जाती है।

# डेयरी बूथ आवंटन रद्द करने की मांग, धांधली का लगाया आरोप



गरीबों का सितारा

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस नगर पालिका क्षेत्र में लॉटरी के माध्यम से आवंटित किए गए पांच डेयरी बूथों का दूसरे ही दिन नगरपालिका के नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पा होते ही विरोध होना शुरू हो गया। लॉटरी सिस्टम के बाद हुए साक्षात्कार में धांधली का आरोप लगाते हुए पालिका उपाध्यक्ष अमित शर्मा व पूर्व पार्षद विष्णु गंगावत के नेतृत्व में पार्षदों ने अधिशासी अधिकारी सीताराम कुमावत को ज्ञापन सौंप कर आवंटन रद्द करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि रामानंद रोड एसबीआई बैंक के पास आवंटित किया गया डेयरी बूथ नगर पालिका में कार्यरत महिला कर्मचारी के पति के नाम से जारी किया गया जो गाइडलाइन के विरुद्ध है। वहीं आरोप लगाया गया कि लॉटरी सिस्टम में 4 गुना चयन करने के बाद साक्षात्कार किया गया जिसमें व्यवसाय से परे हटकर पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में सवाल किए गए। इस दौरान पार्षद मोतीलाल कुमावत, लोकेश कुमावत, अमित कुमावत, पार्षद प्रतिनिधि सरदार सिंह, दिनेश कुमावत आदि मौजूद रहे।

# किसानों को राहत पैकेज देने की मांग, पार्षद ने सीएम को भेजा ज्ञापन

गरीबों का सितारा

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे व आसपास के क्षेत्र में पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि के बाद फसलों में काफी नुकसान देखने को मिल रहा है, क्षेत्र के किसानों को राहत पैकेज जारी करने की मांग को लेकर रींगस नगर पालिका के वार्ड संख्या 31 के पार्षद अमित कुमावत ने सीएम को ज्ञापन प्रेषित किया। पार्षद कुमावत ने ज्ञापन में बताया कि ओलावृष्टि से हुए नुकसान के बाद अन्नदाता की आर्थिक रूप से कमर टूट गई है जिसको इस संकट की घड़ी से उबारने के लिए तत्काल रूप से फसल खराबे का आकलन करवाकर राहत पैकेज जारी किया जाए।

# किसान नेता गोपाल सिंह खण्डेला की पुण्यतिथि कल मनायेंगे

गरीबों का सितारा

**खंडेला(अरविन्द कुमार)।** राष्ट्रीय किसान नेता एवं पूर्व चिकित्सा राज्य मंत्री बंशीधर बाजिया के पिता स्व. गोपाल सिंह खण्डेला की 25 वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को मनायी जायेगी। शुक्रवार को खंडेला में सोनगिरी बावड़ी पर स्व. गोपाल सिंह खण्डेला की मूर्ति स्थल पर प्रातः 10 बजे से इनके अनुयायीयों द्वारा पुष्पाजंलि अर्पित करके श्रृद्धाजंलि दी जायेगी एवं श्रृद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया है जिसमें आस-पास के क्षेत्र से किसान वर्ग एवं भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल होंगे।

# जयपुर नगर निगम के 468 परिवारों को नोटिस:मानसरोवर में बनी दुकानों और अवैध निर्माण को 7 दिन में हटाने का समय दिया

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम ग्रेटर के नोटिस से मानसरोवर मध्यम मार्ग के 468 परिवारों में हड़कंप मच गया। हाईकोर्ट के आदेशों पर नगर निगम ने इन परिवारों को अवैध निर्माण का नोटिस जारी करते हुए सात दिन में हटाने का समय दिया है। अगर वक्त रहते निर्माण हटाया नहीं गया तो 7 दिन बाद नगर निगम हटाने की कार्रवाई करेगा। जयपुर नगर निगम ग्रेटर के मानसरोवर जोन उपायुक्त मुकेश चौधरी ने बताया कि हाईकोर्ट ने पिछले दिनों एक याचिका पर आदेश देते हुए अवैध निर्माण को चिह्नित कर नोटिस देने और उन पर कार्रवाई करके पालना रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

# महावीर रांका ने पुष्पवर्षा कर धर्मयात्रा का किया स्वागत

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** भाजपा नेता महावीर रांका द्वारा धर्मयात्रा के दौरान पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। जयश्रीराम व भारत माँ के जयकारों के साथ धर्मयात्रा में लोगों का उत्साह नजर आ रहा था। पूर्व यूआईटी चैयरमेन महावीर रांका ने हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्रा की सबको शुभकामनाएं देते हुए सौहार्द व उमंग के साथ नववर्ष मनाने की अपील की। भाजपा के पवन महनोत ने बताया कि केईएम रोज स्थित प्रेमजी प्वाइंट पर धर्मयात्रा के दौरान बूंदी के 10 हजार पैकेट व पुष्पवर्षा तथा जलसेवा कर लोगों का स्वागत किया गया। इस दौरान प्रणव भोजक, राजेन्द्र शर्मा, शंभु गहलोत, मधुसूदन शर्मा, लक्की पंवार, गौरीशंकर देवड़ा, मुकेश मालू, हनुमान शर्मा, ललित भान, लोकेश छाबड़ा, टेकचन्द यादव, शंकरसिंह राजपुरोहित, ओम राजपुरोहित, श्रवण चौधरी, मधुसूदन शर्मा, शंभु गहलोत, लक्की पंवार, सत्यनारायण गहलोत, विष्णुभगवान तंवर, मोहित बोथरा, आनन्द सोनी, निर्मल गहलोत, घनश्याम रामावत, रतन जयपाल, जितेन्द्रसिंह भाटी, साहिल सोढा, मोहित बोथरा, पंकज गहलोत, टेकचंद यादव, जय उपाध्याय, संजय स्वामी आदि उपस्थित रहे।



# पद्मश्री डॉ.मदन ने एनआरसीसी की अनुसंधान प्रगति को सराहा





गरीबों का सितारा



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर 22 मार्च 2023 । पद्मश्री डॉ.एम.एल.मदन, पूर्व उप महानिदेशक, भाकृअनुप, पूर्व कुलपति एमएएफएसयू, नागपुर एवं दुवासु, मथुरा द्वारा आज भाकृअनुप-राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी) की अनुसंधान गतिविधियों का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर आयोजित वैज्ञानिक वार्ता में उन्होंने एनआरसीसी वैज्ञानिकों के साथ अपने अनुसंधान कार्यों से जुड़े अनुभव साझा किए। वैज्ञानिक वार्ता में डॉ.मदन ने वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अनुसंधान कार्य एक सतत प्रक्रिया है तथा इस दौरान असफल प्रयासों, आधारभूत संसाधनों की कमी आदि विभिन्न चुनौतियां आपको हतोत्साहित करेंगी परंतु इन्हें स्वीकारते हुए दृढ़ संकल्पित, जुनून एवं लक्ष्यबद्ध रूप में आपकी कार्यशैली आपकी विशिष्ट पहचान का द्योतक सिद्ध हो सकेगी। उन्होंने वैश्विक स्तर पर देश की ओर से श्रेष्ठ अनुसंधान का उदाहरण प्रस्तुत करने, जीवन में अनुशासन के महत्व, कार्यों में पारदर्शिता, समन्वयात्मक व व्यावहारिक तरीके से कार्य करने, लक्ष्य निर्धारित करने आदि विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्र की ओर से ऊँटनी के दूध से विकसित विभिन्न नूतन उत्पादों यथा-चॉकलेट एवं प्रायोगिक दुग्ध उत्पादों का रसास्वादन करते हुए प्रशंसा कीं। उन्होंने उष्ट्र संग्रहालय का भ्रमण एवं पौधारोपण भी किया। डॉ.एस.के.घौरूई, प्रधान वैज्ञानिक ने स्वागत उद्बोधन में एनआरसीसी द्वारा किए जा रहे अनुसंधान कार्यों की प्रगति को सदन के समक्ष रखा तथा कहा कि उष्ट्र प्रजाति को नूतन आयामों में परिभाषित करने के लिए केन्द्र ऊँटनी के दूध एवं उष्ट्र पर्यावरणीय पर्यटन की दिशा में आगे बढ़ रहा है ताकि ऊँट पालकों का इस ओर रुझान बढ़ाते हुए उनकी आमदनी में वृद्धि लाई जा सकें। केन्द्र निदेशक डॉ. आर्तबन्धु साहू ने डॉ.एम.एल.मदन द्वारा केन्द्र भ्रमण के दौरान दूरभाष पर वैज्ञानिक गतिविधि संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि पद्मश्री डॉ.मदन द्वारा संप्रेषित अनुभूत अनुसंधानिक विचार, एनआरसीसी वैज्ञानिकों को उनके कार्यक्षेत्र में और अधिक श्रेष्ठ कार्य निष्पादन हेतु प्रेरित करेंगे। वैज्ञानिक वार्ता का संचालन केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.सुमंत व्यास द्वारा किया गया।

# सीएलसी के केवीएम स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**सीकर, (विनोद धायल)।** सीएलसी के राजस्थान बोर्ड के स्कूल केवीएम में बुधवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने जोश एवं उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने छात्राओं तथा अध्यापिकाओं के हाथों पर मेहंदी रचाते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। बच्चों ने शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के विषयों पर मेहंदी से विभिन्न प्रकार के डिजाइन बनाते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के बाद निर्णायक मंडल ने मेहंदी का अवलोकन करते हुए विजेताओं की घोषणा की जिसमें निशु गुर्जर ने प्रथम स्थान, नेहा सैनी ने द्वितीय स्थान तथा सीनू कुमारी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकेडमिक हेड जितेंद्र बाजिया ने सम्मानित किया तथा इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए और अच्छा करने के लिए प्रेरित किया। केवीएम प्रधानाचार्य नरेंद्र राठौड़ ने बताया कि बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार की रचनात्मक प्रतियोगिताएं समय-समय पर आयोजित करवाई जाती है जिससे उनके अंदर छुपी हुई प्रतिभा निखर कर सामने आती है। कृष्णा विद्या मंदिर प्रधानाचार्य रतन जागावत में छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मेहंदी प्रतियोगिता से छात्राओं में क्रियाशीलता, सृजनात्मकता, एकाग्रता एवं मिलकर कार्य करने की क्षमता का विकास होता है। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए सभी शिक्षक उपस्थित रहे।



विजेताओं का मनोबल बढ़ाते हुए मेडल पहनाकर

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज़ ब्रीफ

## लर्नर्स की बुनियादी साक्षरता संख्या ज्ञान की परीक्षा आयोजित



गरीबो का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत रविवार को अजमेर जिले में लर्नर्स की बुनियादी साक्षरता, संख्या ज्ञान की परीक्षा आयोजित हुई। जवाजा सीबीईओ संतोष सिंह चौहान ने बताया कि जवाजा ब्लॉक में 1250 में से 1248 लर्नर्स ने परीक्षा दी। ब्लॉक कार्डिनेटर हैप्पी झाझड़िया ने परीक्षा के बारे में विस्तार से महत्व एवं उपयोगिता को समझाया। एसीबीईओ कैलाश चन्द्र ने परीक्षा संबंधी जरुरी दिशा-निर्देश दिये। परीक्षा में महिलाओं की उपस्थिति सर्वाधिक रही। प्रधानाचार्य ताराचन्द जांगिड तथा सुभाष चन्द ' वर्मा ने योगदान दिया।

## शहीद दिवस पर होगा सर्वधर्म सभा एवं शांति मार्च का आयोजन

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** शांति एवं अहिंसा निदेशालय के निदेर्शानुसार प्रदेशभर में स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की स्मृति में गुरुवार, 23 मार्च को शहीद दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय, उपखण्ड मुख्यालय एवं पंचायत समिति मुख्यालय पर शांति मार्च का आयोजन किया जाएगा। राजधानी जयपुर में शिक्षा संकुल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन होगा। आयोजन की शुरूआत प्रातः 8:30 बजे सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ होगी। इसके बाद शिक्षा संकुल से जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित महात्मा गांधी सर्किल तक शांति मार्च का आयोजन किया जाएगा। शांति मार्च में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड, नेहरू युवा केन्द्र के युवाओं के साथ-साथ गांधीवादी संस्थाओं, खादी संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

**शिक्षा संकुल से महात्मा गांधी सर्किल तक निकाला जाएगा शांति मार्च**

## नाहटा के कर कमलो से केकड़ी में रेस्टोरेंट का उद्घाटन

गरीबों का सितारा

**ब्यावर।** आगामी 24 मार्च शुक्रवार को केकड़ी में नवनिर्मित गुरु हस्ती फैमिली रेस्टोरेंट एवं कैफे का ब्यावर जिले के एस्ट्रोलॉजर एवं हस्तरेखा विशेषज्ञ दिलीप नाहटा एवं धर्मपत्नी नमिता नाहटा एवं गुरु हस्ती फैमिली रेस्टोरेंट एवं कैफे के संचालक मनीष राठी एवं नीति राठी के माता - पिता कैलाश चंद राठी - सीता देवी राठी एवं मोहन लाठी - अनसूया लाठी के हाथों से फीता कटवाकर शुभारंभ किया जाएगा , गौरतलब है कि गुरु हस्ती फैमिली रेस्टोरेंट एवं कैफे के संचालक मनीष राठी ने ब्यावर के ज्योतिषी एवं भविष्यवक्ता दिलीप नाहटा को खासतौर से नवनिर्मित गुरु हस्ती फैमिली रेस्टोरेंट एंड कैफे के उद्घाटन के लिए बुलाया है जो ब्यावर जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है , ज्ञात रहे कि इस उद्घाटन समारोह में केकड़ी के साथ-साथ देशभर से सैकड़ों गणमान्य अतिथि पहुंच रहे हैं , जिनमें शामिल है - केकड़ी से भाजपा पूर्व विधायक शत्रुघ्न गौतम , नगर पालिका पूर्व चेयरमैन अनिल मित्तल , पूर्व भाजपा विधायक प्रत्याशी राजेंद्र विनायका , प्रधान होनहार सिंह राठौड़ , गोविंद जैन सरपंच गुलगांव , धनराज राठी , सुरेश चंद राठी , अंशुल राठी , हेमांग राठी , बूंदी से आए महेश क्रेडिट सोसायटी के अध्यक्ष संजय लाठी , राधेश्याम बाहेती , केकड़ी के गणमान्य मेहमान भंवरलाल दुदानी , विनोद दुदानी , राजेंद्र दुदानी , गोविंद दुदानी , कुशल झंवर , ओमप्रकाश मूंदड़ा , रामेश्वर काबरा , महेश काबरा , दिनेश काबरा , अमन काबरा , सुमित काबरा , ओम प्रकाश बियानी , सूरत से पीपल्स ग्रीन पार्टी के मानवाधिकार डिपार्टमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुखराज कावड़िया , ब्यावर से मनीष खत्री , सुरेश कुमावत , केकड़ी , अनिल राठी , कालूराम ईनाणी , महेश सोमानी , महावीर राठी , ज्ञान प्रकाश राठी , गोपाल बियानी , अशोक तोषनीवाल , राजेंद्र मेघवंशी , भीलवाड़ा से रिखब चंद पीपाड़ा , सुनील टिकलिया एवं कोटा से पवन मंत्री , बृजराज मंत्री , संजय काल्या आदि कई गणमान्य अतिथि इस कार्यक्रम में विद्यमान रहेंगे।



## सेन महाराज के जन्म उत्सव के सफलता के लिए सेन समाज ने प्रथम देव गजानन महाराज को निमंत्रण

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** सेन समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि सेन महाराज के 723 वा जन्म महोत्सव आगामी 17 अप्रैल को मनाया जाएगा प्रेस प्रवक्ता दिलीप बडगूजर ने बताया की मारू सेन समाज मंदिर पर सेन समाज ब्यावर के समाज बंधु व महिलाएं व युवा सेन महाराज के जन्म उत्सव के सफलता के लिए प्रथम देव गजानन महाराज को मनाने सूरजपोल गेट स्थित गणपति मंदिर पर गाजे-बाजे के साथ पहुंचे वे महिलाओं ने मंगल गीत गाए नव वर्ष के उपलक्ष कार्यक्रम में मारू सेन समाज पंचायत बोर्ड संस्था ब्यावर द्वारा संत सेन महाराज की झांकी भी भेजी जाएगी गणपति देव को मनाने के बाद सभी समाज बंधु व नवनियुक्त संयोजक आलोक मेवाड़ा सह संयोजक अशोक रोहिल्या पंवार कोषाध्यक्ष कैलाश चौहान मारू सेन समाज पंचायत बोर्ड के अध्यक्ष दिलीप सेन सेन समाज संस्थान एसोसिएशन अध्यक्ष गोपाल छापरवाल मारू सेन समाज कुमावत कॉलोनी अध्यक्ष मदन लाल सैन, मारू सेन समाज नवयुवक मंडल अध्यक्ष दिलीप बडगूजर, महिला मंडल अध्यक्ष उगमा गहलोत, सेन समाज ब्यूटी पार्लर संघ अध्यक्ष मंजू मेवाड़ा, बोदू लाल धांधल, रामेश्वर सिसोदिया, रामपाल गहलोत ,पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल भाटी, बाबू लाल गहलोत रामनिवास, सुरज मकाणा ,जगदीश गहलोत, प्रेम चंद बणभैरू, अमर चन्द गहलोत पुखराज टांक, ओमप्रकाश सोलीवाल, सत्यनारायण मेवाड़ा, रतन लाल बड़गुर्जर ,घनश्याम परिहार, लक्ष्मीनारायण आसोफा गहलोत चम्पालाल सेन, निहाल चंद परिहार नाथू लाल चायल नोरत मल गहलोत अशोक मेवाड़ा जवरीलाल मेवाड़ा कैलाश सिसोदिया दूगार्लाल सेन कन्हैयालाल धांधल रवि परिहार पंकज गहलोत अनिल चांगल सुरेन्द्र गहलोत महावीर प्रसाद मेवाड़ा जितेंद्र राठौड़ अशोक कानिया वाले पिनु हर्षवाल गंभीर लाल घोडलिया गहलोत सुनील गहलोत कपिल गहलोत मुकेश चौहान निलेश हर्षवाल योगेश मेवाड़ा सुनीता गंगा मेवाडा गुणिया बणभैरू मंजू गहलोत रेखा मेवाड़ा अरुणा कमला कांता इंदिरा बडगूजर सहित समाज बंधु मौजूद रहे।



# विश्व जल दिवसः ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जल है अनमोल**
**जन मत भूल इसका मोल**

## माननीय विधायक शंकर सिंह रावत ने जल की महत्ता से ग्रामीणों को करवाया सरोकार







गरीबो का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** विश्व जल दिवस के उपलक्ष में पंचायत समिति जवाजा ग्राम पंचायत बंजारी में माननीय विधायक शंकर सिंह रावत की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजीव गांधी जल संचय योजना के चरण का शुभारंभ भी गणपत सिंह प्रधान पंचायत समिति जवाजा द्वारा किया गया। गणपत सिंह प्रधान पंचायत समिति जवाजा ने कहा कि जल है अनमोल, मत भूलो इसका मोल जल संरक्षण एवं जल संग्रहण की योजना राजीव गांधी जल संचय योजना भलिया क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगी क्षेत्र की 7 ग्राम पंचायतों एवं 21 गांव सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। यह योजना गांव को जल आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बनाई गई है इसमें प्रत्येक नागरिक अपना पूरा सहयोग करें, सभी को इस योजना के लिए तन मन धन से अपना पूरा सहयोग करना चाहिए गांव में होने वाले कार्यों की देखरेख एवं सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। शंकर सिंह रावत विधायक ने बताया कि जल ही जीवन है इसको व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए। जल का कम से कम और समुचित उपयोग करने की प्रवृत्ति हर आमजन को अपनानी चाहिए।पर्यावरण को बचाने की दिशा में भी सभी आम जनों को प्रयास करने चाहिए। भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए जल संरक्षण के कार्य बहुत उपयोगी होते हैं। साथ ही कहां की जल की गुणवत्ता सुधारने के लिए भी सभी को मिलजुलकर प्रयास करने होंगे। राजीव गांधी जल संचय योजना के जिला प्रभारी शलभ टंडन ने बताया कि यह योजना 2 वर्ष के लिए स्वीकृत की गई है साथ ही कृषि विभाग द्वारा 16 कार्य 3.24 लाख के, वन विभाग द्वारा 63 कार्य 289.39 लाख के, पंचायत राज विभाग द्वारा एक कार्य 1 लाख के, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 21 कार्य 28.10 लाख के, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 33 कार्य 338.09 लाख के, सिंचाई विभाग द्वारा 11 कार्य 293.80 लाख के तथा जल ग्रहण विकास एवं भूषण विभाग द्वारा 142 कार्य 358 लाख के इस प्रकार कुल 287 कार्य 13 करोड़ 11 लाख के कराए जाएंगे। सभी विभागों के समन्वय से साइंटिफिक तरीके से परियोजना का अनुमोदन राज्य स्तर से कराया गया है। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक गांव जो इस योजना में सम्मिलित है उसको जल के प्रति आत्मनिर्भर बनाया जावे।प्रधान पंचायत समिति जवाजा द्वारा सभी उपस्थित ग्रामीणों को विश्व जल दिवस के उपलक्ष में जल शपथ दिलवाई गई जिसमें धर्म, समुदाय, राजनीति से ऊपर उठकर इस पुनीत कार्य में सहयोग करने का आह्वान किया गया। राम सिंह सरपंच ग्राम पंचायत बंजारी में अपने धन्यवाद उद्बोधन में इस योजना को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया साथ ही अभियान के शुभारंभ महादेव मंदिर के पास तालाब पर सभी जनप्रतिनिधि ग्रामवासी एवं अधिकारियों ने श्रमदान करके विश्व जल दिवस पर जल का समुचित उपयोग हो एवं संग्रहण हो का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक शंकर सिंह रावत, गणपत सिंह प्रधान पंचायत समिति जवाजा, बलराम मीणा विकास अधिकारी पंचायत समिति जवाजा, विजय सिंह रावत सहायक अभियंता नरेगा पंचायत समिति जवाजा, सरपंच बामन हेड़ा महिपाल सिंह, सरपंच बड़ा खेड़ा पृथ्वी पाल सिंह, सरपंच बड़ा खंड, निधि एवं प्रवीण गहलोत कनिष्ठ अभियंता पीएचडी विभाग, बहादुर सिंह वनपाल, राकेश सारस्वत वनरक्षक, मंजू कृषि पर्यवेक्षक, हेमंत ग्राम विकास अधिकारी, गोपाल जीआरएस, ग्रामवासी लक्ष्मण सिंह, नाथू सिंह,हीरा सिंह विजय सिंह, नारायण सिंह प्रभु सिंह, इंदर सिंह, रूप सिंह एवं अन्य ग्राम वासियों ने भाग लिया।

## निर्दलीय विधायक बलजीत यादव पहुंचे ब्यावर

### वर्तमान राज्य सरकार के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया





गरीबो का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** निर्दलीय विधायक बलजीत यादव अपनी 14 सूत्री मांगों को लेकर 200 विधानसभा में मैराथन दौड़ लगाकर सरकार का विरोध जता रहे हैं बलजीत यादव बुधवार को ब्यावर पहुंचे जहां उनके शुभचिंतकों ने उनका भव्य अभिनंदन किया साथ ही बलजीत यादव ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा है कि जो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उनसे वादे की उनमें से एक भी वादा उन्होंने निभाया नहीं उसी के विरोध में हुए हैं 14 सूत्री मांगों को लेकर 200 विधानसभा में मैराथन दौड़ लगाकर अपनी बात पहुंचा रहे हैं बलजीत यादव ने प्रदेश सरकार को भ्रष्टाचार के मामले को लेकर भी गहरा है एवं रोष व्यक्त किया बलजीत यादव ने कहा कि पेपर लीक करने वालों को सरकार किसी भी सूरत में बख्से नहीं एवं कठोर से कठोर उन्हें दंडित करें।

## बलजीत संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ है के नारों के साथ हुआ बहरोड़ विधायक यादव का जहाजपुर में स्वागत





गरीबो का सितारा

**जहाजपुर।** आजाद नेब 14 सुत्रीय मांगों को लेकर राजस्थान के सभी विधानसभाओं में काले कपड़े पहन दौड़ने वाले बहरोड़ के विधायक बलजीत यादव का आने पर आज नगर पालिका कार्यालय के बाहर नगरपालिका अध्यक्ष नरेश मीणा सहित क्षेत्र के डिस्कोम व पुर्व उत्थअ के सैकड़ों कर्मचारियों ने माला व साफा पहनाकर कर स्वागत किया गया। विधायक बलजीत सिंह यादव ने नगरपालिका से अंबेडकर सर्किल तक दौड़ लगाकर सभा को संबोधित किया। विधायक यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेरी 109 वीं विधानसभा है जिसमें मेरा राजस्थान सरकार की नौकरियों में राज्य के युवाओं को 90 से 100 प्रतिशत आरक्षण दिया जाये। गैर सरकारी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75 प्रतिशत तक आरक्षण दिया जाये। 3. 5 लाख पदों पर शीघ्र भर्ती निकालकर 6 महिनों में नियुक्तियाँ दी जाये। परीक्षा प्रणाली को ठीक किया जाये तथा जिस लेवल की परीक्षा हो उसी लेवल का प्रश्न पत्र बनाया जाये (जैसे कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में कांस्टेबल लेवल का प्रश्नपत्र हो ना कि क्अर लेवल का) तथा विधानसभा स्तर पर फ्री कोचिंग खोले सरकार जब बहरोड में निर्दलीय विधायक होने के बावजूद फ्री कोचिंग खुल सकती है तो सरकार के लिए भला क्या असंभव है। बड़े प्राइवेट स्कूलों तथा कोचिंग संस्थानों द्वारा की जा रही लूट से जनता को बचाया जाये तथा सरकार स्वयं मुफ्त कोचिंग सेंटर चलाये तथा सरकारी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधारकर सरकारी स्कूलों में सुविधाएं विकसित की जाये। जब बहरोड में निर्दलीय विधायक होने के बावजूद सरकारी स्कूलों में ट्रैक, गार्डन एवं स्वीमिंग पूल बना रहे है तो भला सरकार के लिए क्या असंभव है।केन्द्रीय मंत्री नितिन गढ़करी के घोषणा के अनुरूप समुद्र का ट्रीट किया हुआ पानी नहर से राजस्थान में आये तथा यमुना व चम्बल का पानी किसानों के खेतों तक पहुंचे। संविदाकर्मी, उत्थअ, अठट भर्ती 2013 विद्यार्थी मित्र, कम्प्यूटर अनुदेशक की मांगों को शीघ्र पूरा किया जाये एवं इन्टर डिस्कॉम ट्रांसफर सुविधा चालु करें तथा राजस्थान के अधिवक्ताओं के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करें। तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानान्तरण पर लगी रोक हटाकर स्थानान्तरण किये जाये। भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर कदम उठाये जाये। किसानों की सम्पूर्ण फसल को सरकार उचित मूल्य पर खरीदे। किसानों व गरीब लोगों को मुफ्त व पूरी बिजली उपलब्ध करायी जाये। किसानों की फसल नष्ट कर रहे आवारा पशुओं पर सरकार द्वारा नियंत्रण किया जाये। नरेगा मजदूरों की मजदूरी बढ़ाकर समय पर भुगतान कराया जाये। सेना में पूर्व की भांति केन्द्र सरकार द्वारा स्थायी रूप से भर्ती की जाये। इस दौरान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सी एच ए के अध्यक्ष अमित कुमार प्रजापत, दुर्गेश मीणा, अफसाना बानो, लक्ष्मी आचार्य, शुभम दाधीच, आशीष मीणा, पूजा बावरिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## विवेकानंद स्कूल में कुएं की मौत नाटक का मंचन

गरीबो का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** हुरडा विवेकानंद स्कूल में शाहपुरा के संचिना कला संस्थान के अध्यक्ष रामप्रसाद पारीक की अगुवाई में बुधवार को स्वामी विवेकानंद केंद्र विद्यालय हुरड़ा में पर्यावरण एवं जीवन के नैतिक विषय एवं जल संरक्षण जैसे ज्वंलत विषय पर दो दिनी नाटक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कला शिक्षक लक्ष्यपाल सिंह के निर्देशन में दो दिनी कार्यक्रम में नाटक व फड चित्रकलां के बारे में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। संचिना अध्यक्ष रामप्रसाद पारीक ने विश्व जल दिवस के मौके पर कुंए की मौत विषयक की नाटक की प्रस्तुति दी। जिसमें उन्होंने जल संरक्षण का संदेश दिया। इसी दौरान स्कूल के कक्षा 7 व 8 के विद्यार्थियों के तीन नाटक तैयार कराकर उनका मंचन किया गया। इसमें एक पेड की पीड़ा, स्वच्छ वातावरण, पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया गया। इसके अलावा प्लास्टिक की बोतले व थैलियों का उपयोग करके उनका रचनात्मक वस्तुएं तैयार करने का भी प्रशिक्षण दिया गया। स्कूल की संस्था प्रधान आशा गोयल ने इस मौके पर विद्यार्थियों से कहा कि पर्यावरण सरंक्षण के लिए सदैव सकारात्मकता का रूख अख्तियार करना चाहिए। डिस्पोजल आईटम का उपयोग भी करते रहना चाहिए। दो दिनी कार्यक्रम में शाहपुरा के फड़ चित्रकार अभिषेक जोशी ने फड़ के साथ पढ़ के तहत फड़ शैली के चित्रों को बनाने की विधि को बारीकी से समझाया। कला शिक्षक लक्ष्यपाल सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बालकों की प्रतिभाओं को निखारने में सहयोग मिलता है। उन्होंने रामप्रसाद पारीक व अभिषेक जोशी का आभार ज्ञापित किया।



## आसींद बदनोर श्रवण कुमार आपके द्वार निशुल्क ग्यारहवीं यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



गरीबो का सितारा

**आसींद।** विधानसभा क्षेत्र से ग्यारहवीं निशुल्क यात्रा श्रवण कुमार आपके द्वार संचालक मनफूल चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा आसींद विधानसभा क्षेत्र के गांवो से निकाली जाती हैं जिसमें महीने में एक बार हर अमावस्या को 2 बस से निशुल्क यात्रा करवाई जाती हैं जिसमें एक बदनोर मुख्यालय से दूसरी आसींद मुख्यालय से रवाना होती हैं वही यह यात्रा हरनी महादेव सांवरा जी शनि महाराज एवं झांतला माता होते हुए वापस अपने स्थान पर पहुंचती हैं इसमें जाने वाले यात्रियों को निशुल्क यात्रा के साथ भोजन की व्यवस्था संचालक मनफूल चौधरी की ओर से रखी जाती है वही यह यात्रा 11वीं बार निकाली गई है उन्हीं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## नववर्ष का स्वागत व घट स्थापना के साथ नवरात्र में दुर्गा माता की पूजा अर्चना, आराधना हुई शुरू

गरीबो का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय क्षेत्र में नववर्ष व नवरात्र पर्व पर विभिन्न मंदिरों व आश्रमों एवं अपने अपने घरों में लोगों ने मां दुर्गा के घट स्थापना के साथ नवरात्र का उपवास, व्रत रखकर श्री दुर्गा मां की पूजा अर्चना शुरू की गई, शहर में नववर्ष की पूर्व संध्या पर विभिन्न चौराहा पर विभिन्न प्रकार की रंगोली सजाई गयी, भारत विकास परिषद शाखा द्वारा नव संवत्सर का स्वागत नागरिकों का अभिनंदन मंगल तिलक परंपरागत नीम को पल मिश्री काली मिर्च का प्रसाद एवं कर पत्रक वितरण कर किया गया शाखा द्वारा हुरडा जिंक कॉलोनी एवं आगूचा में भी नागरिक अभिनंदन किया गया आगूचा में अध्यक्ष कन्हैया लाल सोनी के सानिध्य में रितेश कालिया सांवरलाल एवं विवेकानंद केंद्र के विद्यार्थियों ने प्रमुख चौराहे पर नागरिक अभिनंदन एवं शुभकामनाएं प्रेषित की एक शाखा एक गांव अंतर्गत चयनित ग्राम हुरडा में मातृशक्ति मंजू देवी लखारा के सानिध्य में हरिओम मेवाड़ा, रतनलाल लखारा, राहुल काबरा, मुकेश लक्ष्कार आदि ने नव संवत्सर पर शुभकामनाएं प्रेषित की। पूर्व महिला प्रमुख पिंकी शर्मा के नेतृत्व में जिंक कॉलोनी के मुख्य द्वार पर नागरिक अभिनंदन कर पत्रक एवं मंगल तिलक लगा प्रसाद वितरण के साथ किया गया । इस दौरान परिषद के अजय शर्मा, कमलेश जोशी, ऋषिकेश त्रिपाठी, बुद्धि प्रकाश शर्मा, सुरेश जैन, जगदीश वैष्णव ,देवकरण सैनी, बीएल सैनी, सोनिया शर्मा, विमलेश शर्मा मौजूद थे। सचिव दिनेश छतवानी के नेतृत्व में सदर बाजार में नागरिकों को मंगल तिलक लगा शुभकामनाएं प्रेषित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात नरसिंह द्वारा में संचालित गुरुकुल में सभी विद्यार्थियों को रुमाल एवं लेखनी भेंट कर मंत्रोचार के साथ नव वर्ष का स्वागत किया गया, इस अवसर पर किशोर राजपाल, सेवा प्रमुख संपत व्यास, कोषाध्यक्ष शिवदयाल डाड, जितेंद्र हेमनानी, कृष्ण गोपाल कोगटा, मदन लाल जोशी, गुलशन हेमनानी, सुगन चंद्र जेसवानी, गुड्डू भैया, कैलाश लड़ा, मनोज आसोपा एवं संस्कार प्रमुख भगवती मूंदड़ा तथा महिला प्रमुख ज्योति दिनवानी मौजूद थे।इसी प्रकार के शाखा भोजरास द्वारा चेनपुरिया, लक्ष्मणपुरा व आपलियास में वाहन रैली निकालकर, गांव के मेन चौराहे पर राहगीरों को तिलक लगाकर, मिश्री, काली मिर्च, तुलसी के पत्ते, मीठी नीम के पत्तों का मिश्रण का प्रसाद देकर शुभकामनाएं प्रेषित की। परिषद की मात्र शक्तियों ने घर घर जाकर महिलाओं को शुभकामनाएं प्रेषित की। महिला प्रमुख श्रीमती टीना मालपानी ने सभी महिलाओं को सायं अपने आंगन के बाहर रंगोली बनाकर 5 दिये प्रज्वलित करने को कहा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष भंवर लाल शर्मा ने ग्रामीणों को भारतीय संस्कृति में हिंदू नववर्ष के बारे में बैठक कर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष हरनाथ गुर्जर , पूर्व सचिव अशोक अजमेरा, भंवर लाल टेलर, फूलचंद जाट, ओम प्रकाश प्रजापत, जगदीश टेलर, सांवर जाट, मुकेश शर्मा,रमेश मंडल, अमर सिंह राठौड़, मूलचंद जाट, संपत पुरी, सत्यनारायण तेली, बरदी चंद गोस्वामी, पुखराज नेटवाल व महिला नवनिर्वाचित प्रमुख श्रीमती कैलाश देवी टेलर, रेखा अजमेरा,मिता मंडल, दुर्गा बुनकर, सुमित्रा जाट आदि मात्र शक्तियां व परिषद सदस्य मौजूद थे।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

चिंतन

## स्वच्छ जलापूर्ति सभी तक सुनिश्चित हों

भारत में स्वच्छ जलापूर्ति अभी भी राष्ट्रीय समस्या है। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के बाद भी सरकारें अपने सभी नागरिकों तक स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं कर सकी है। जल हर इंसान की बुनियादी जरूरत है। विश्व जल दिवस जैसे मौके पर जब देश के नागरिकों के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता का आंकलन किया जाता है तो देश की एक चौथाई से अधिक आबादी के पास स्वच्छ जलापूर्ति के साधन नहीं हैं। शहर हो या गांव, दोनों जगहों पर गरीब आबादी जल संकट से गुजर रही है। भारत में जल के प्रचूर संसाधनों के बावजूद जल प्रबंधन की अनियमितता व सरकारी उदासीनता के चलते जरूरतमंद लोगों तक जल की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हो सकी है। देश में नदी जल व खारे जल को पेयजल में बदलने की तकनीक उपलब्ध है, इसके साथ ही मीठे जल का विशाल भंडार है, लेकिन उचित जल प्रबंधन के अभाव में पहाड़, पठार, रेगिस्तानी, शहरी, पथरीली क्षेत्र में स्वच्छ जल की पहुंच सुनिश्चित नहीं की गई है। मौजूदा राजग सरकार ने नल से जल मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र में जलापूर्ति सुनिश्चित कर रही है। सरकारी दावे के मुताबिक, देश के 11.49 करोड़ परिवारों को अब नल से जल कनेक्शन उपलब्ध है और 1.53 लाख गांवों में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। जल जीवन मिशन के आंकड़ों के अनुसार, स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों और आकांक्षी जिलों में पाइप से जलापूर्ति करने की मात्रा में वृद्धि दर्ज की गई है। ये आंकड़े ऐसे समय में आए हैं जब संयुक्त राष्ट्र विश्व जल विकास रिपोर्ट 2023 में कहा गया है कि दुनिया की 26 प्रतिशत आबादी की सुरक्षित पेयजल तक पहुंच नहीं है जबकि 46 प्रतिशत बुनियादी स्वच्छता की कमी का सामना कर रहे हैं। सरकार जल संरक्षण एवं भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए जल जीवन मिशन, अटल भूजल योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, नमामि गंगे योजना जैसे कार्यक्रम चला रही है। जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वर्ष 2024 तक प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर नल से पेयजल आपूर्ति करने की व्यवस्था करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बावजूद न भूजल स्तर में अपेक्षित सुधार हुआ है, न गंगा समेत अन्य नादियां साफ हुई हैं, न ही गांव व शहरों में सभी तक पेयजल आपूतर्ति सुनिश्चित हो सकी है। नदी जोड़ो योजना भी अधर में है। नदी, जलाशय, झील, झरना आदि के रखरखाव, शुद्धिकरण बड़ी समस्या बने हुए हैं। विश्व स्तर पर 80 प्रतिशत अपशिष्ट जल बिना किसी उपचार के पर्यावरण में छोड़ दिया जाता है। कई विकासशील देशों में यह आंकड़ा करीब 99 प्रतिशत है। यह खतरनाक बात है। वर्षा जल संरक्षण की दिशा में भी बहुत सुस्त गति से काम हो रहा है। जल संरक्षण को राष्ट्रीय अभियान नहीं बनाया गया है। वर्तमान सरकार पिछली सरकारों से जल मिशन को लेकर बेहतर काम जरूरत कर रही है, लेकिन इतना काफी नहीं है। प्राथमिकता के आधार पर व्यापक स्तर जल प्रबंधन पर काम होना चाहिए। स्वच्छ जल के बारे में बाजार के मिथ को भी तोड़ा जाना चाहिए। बोतलबंद पानी व आरओ के पानी स्वास्थ्य के हिसाब से बेहतर नहीं होने के बावजूद इस पर सरकार चुप है। पिछले 40 वर्षों में विश्व स्तर पर पानी का इस्तेमाल लगभग एक प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से बढ़ रहा है और ''जनसंख्या वृद्धि, सामाजिक-आर्थिक विकास और बदलते खपत पैटर्न के कारण इसके 2050 तक इसी दर से बढ़ने की संभावना है। मांग में वास्तविक वृद्धि विकासशील देशों और उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में देखी जा रही है, जहां औद्योगिक विकास और जनसंख्या में तेजी से वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं। 'संयुक्त राष्ट्र वर्ल्ड वाटर डेवलपमेंट रिपोर्ट 2023' में 2030 तक स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता तक सभी लोगों की पहुंच सुनिश्चित करने के संयुक्त राष्ट्र के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आवश्यक है कि भारत में सरकारें इस दिशा में तेजी व ईमानदारी से काम करें और सभी व्यक्ति तक स्वच्छ जलापूर्ति सुनिश्चित करें।

चेटीचण्ड्र विशेष

अमित चिमनानी



## सनातन धर्म की रक्षा के लिए अवतरित हुए भगवान झूलेलाल

वरिष्ठ समाज सेवी, सिंधी साहित्य अकादमी के पूर्व डायरेक्टर पेशे से सीए व भाजपा नेता अमित चिमनानी ने चेटीचण्ड्र यानी भगवान झूलेलाल जयंती पर भगवान झूलेलाल से जुड़ी कुछ चमत्कारिक घटनाओं की चर्चा करते हुए बताया कि आज से 1073 वर्ष पूर्व जब भारत अखंड था व सिंध प्रांत भारत का हिस्सा था, तब सिंध प्रांत के अत्याचारी राजा मिरक शाह ने हिंदू ,सिंधी समाज के लोगो को इस्लाम धर्म कुबूल करने को बाध्य किया, लेकिन सिंधी समाज के लोगों ने इसका विरोध किया। सिंधी समाज के लोगो द्वारा इस्लाम न कुबूल करने पर मिरक शाह ने अत्याचारों की पराकाष्ठा की, जिससे मुक्ति पाने हेतु सिंधी समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में सामूहिक रूप से दरिया किनारे लगातार उपवास किया और धर्म की रक्षा के लिए भगवान को पुकारा। लगातार 40 दिन के कड़े उपवास और प्रार्थना के बाद धर्म की रक्षा के लिए भगवान झूलेलाल के अवतरित होने की आकाशवाणी हुई। चैत्र शुक्ल संवत 1007 में नसरपुर में माता देवकी ने एक चमत्कारिक बालक को जन्म दिया जिसका नाम उदयचंद रखा गया।



राजा मिरक शाह को यह खबर लगते ही उसने इस बालक को मारने अपनी सेना को भेजा, लेकिन कई बार के प्रयासों के बाद भी मिरक शाह की सेना वहां तक नही पहुंच पाती थी, कभी उन्हें अपने आगे आग, कभी पानी का समंदर दिखने लगता था। एक लीला के दौरान भगवान झूलेलाल स्वयं बंदी बन कारागार भी पहुंचे, जहां उन्होंने सभी हिंदू बंदियों को मिरक शाह की कैद से मुक्त कराया। भगवान झूलेलाल ने मिरक शाह को कट्टरता त्याग कर मानवता अपनाने का उपदेश दिया, लेकिन दुराचारी राजा पर इसका कोई असर नहीं हुआ। मिरक शाह के अत्याचारों से पीड़ित सभी सिंधी हिंदू, को नदी के किनारे इकट्ठे हुए ,जहां पर माया से एक विशाल मंदिर का निर्माण हुआ। इस मंदिर में रत्ना जड़ित झूला भी था जिस पर प्रभु स्वयं विराजमान हुए, यह झूला खुद-ब-खुद झूल रहा था। इस तरह उनका नाम भगवान झूलेलाल पड़ा। सभी ने श्री विश्वकर्मा द्वारा बनाए उस मंदिर में शरण ली। भगवान झूलेलाल के हाथ में धर्म ध्वज शोभायमान था। लोगों की चीख-पुकार करती भीड़ को देख भगवान झूलेलाल ने अग्नि देव एवं पवन देव को आदेश दिया कि मिरक शाह के साम्राज्य को ध्वस्त कर दें। इसके बाद पवन देव और अग्नि देव का तांडव शुरू हुआ, तो यह देख में मिरक शाह अपने अनुयायियों सहित रोता हुआ , रहम की भीख मांगता हुआ भगवान झूलेलाल के दरबार में पहुंचा एवं उनसे क्षमा मांगने लगा। भगवान झूलेलाल ने उसके पछतावे के आंसू देख कर उसे माफ करते हुए कभी किसी भी व्यक्ति के धर्म को ना बदलने का आदेश दिया एवं प्रजा के साथ किसी प्रकार का अत्याचार और भेदभाव न कर सभी को समभाव के साथ रहने ने की समझाइश दी।

अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से भगवान झूलेलाल का जन्म 27 मार्च 950 को हुआ एवम यह उनकी 1073वीं जयंती है। भगवान झूलेलाल ने मनुष्य रूप में लगभग 13 वर्ष 6 महीने तक लीला करने के बाद अपने घोड़े सहित पाताल लोक के मार्ग से वैकुंठ धाम पहुंचे। उन्होंने अपने मनुष्य जीवन में धर्मांतरण छोड़ मानवता को अपनाने का संदेश दिया एवम हिंदू धर्म के अनुयायियों को अत्याचारों से मुक्त कराया। उनका अवतरण जल के सामने उपासना करने के बाद हुआ, इसीलिए उन्हें जल देवता और वरुण अवतार भी कहा जाता है।



शहीद दिवस

अरविंद जयतिलक

# राष्ट्रवाद के क्रांतिनायक भगत सिंह

भगत सिंह समाजवाद और मानववाद के पोषक थे। वे रक्तपात के कतई पक्षधर नहीं थे। शहीद ए आजम भगत सिंह का अहिंसा में कितना अधिक विश्वास था वह इसी से समझा जा सकता है कि एक स्थान पर उन्होंने कहा कि अहिंसा को आत्मबल के सिद्धांत का समर्थन प्राप्त है, जिसमें अंततः प्रतिद्वंदी पर जीत की आशा में कष्ट सहा जाता है, लेकिन तब क्या हो जब ये प्रयास अपना लक्ष्य प्राप्त करने में असफल हो जाए। तभी हमें आत्मबल को शारीरिक बल से जोड़ने की जरूरत पड़ती है ताकि हम अत्याचारी और क्रुर दुश्मन के रहमोकरम पर ना निर्भर करें। क्या ऐसे विचार वाले एक महान क्रांतिकारी को हिंसावादी कहना उचित होगा, कतई नहीं। भगत सिंह के बलिदान प्रेरणा देते रहेंगे।

युवाओं के क्रांतिनायक भगत सिंह के जीवन की अनेक ऐसी बातें हैं जो देश के युवाओं को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा से भर देती है। 23 वर्ष की उम्र में ही भगत सिंह ने अपने लेखन और राष्ट्रभक्ति के बरक्स एक ऐसा आंदोलन खड़ा कर दिया जिससे दशकों तक भारत की युवा पीढ़ी प्रेरणा लेती रहेगी। भगत सिंह ने अपनी गरिमामय शहादत और आंदोलित विचारों से देश-दुनिया को संदेश दिया कि क्रांतिकारी आंदोलन के पीछे उनका मकसद अंध राष्ट्रवाद नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की परिकल्पना थी। हालांकि यह त्रासदी है कि आजादी के चार दशक बाद तक भगत सिंह के विचार और उनसे जुड़े दस्तावेज देश के आमजन तक नहीं पहुंच पाए और देश की युवा पीढ़ी उनके आंदोलित व राष्ट्रवादी विचारों से अपरिचित रही।

भगत सिंह के विचारों और क्रांतिकारिता को समझने के लिए जेल के दिनों में उनके लिखे खतों और लेखों को पढ़ना-समझना आवश्यक है। उन खतों और लेखों के माध्यम से समझा जा सकता है कि भगत सिंह रक्तपात के कतई पक्षधर नहीं थे। वे और उनके साथियों ने पुलिस सुपरिटेण्डेंट स्कॉट को निशाना तब बनाया जब 1928 में साइमन कमीशन के बहिष्कार के लिए भयानक प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शन में भाग लेने वाले प्रदर्शनकारियों पर ब्रिटिश हुकुमत ने लाठियां बरसायीं, जिसमें लाला लाजपत राय बुरी तरह घायल हुए और अंततः मृत्यु को प्राप्त हुए। भगत सिंह समाजवाद और मानववाद के पोषक थे और इसी कारण उन्होंने ब्रिटिश हुकुमत की भारतीयों के प्रति शोषण की नीति का विरोध किया। भारतीयों के प्रति अत्याचार से उनका विरोध लाजिमी था ठीक उसी तरह जिस तरह एक महान देशभक्त का होता है। भगत कतई नहीं चाहते थे कि ब्रिटिश संसद से मजदूर विरोधी नीतियां पारित हो। उनकी सोच थी कि अंग्रेजों को पता चलना चाहिए कि हिंदुस्तानी जाग चुके हैं और वे अधिक दिनों तक गुलामी के चंगुल में नहीं रह सकते। उन्होंने अपने विचारों से अंग्रेजों को यह बात समझानी चाही, लेकिन अंग्रेज समझने को तैयार नहीं थे। तब उन्होंने अपनी बात उन तक पहुंचाने के लिए 8 अप्रैल, 1929 को अपने साथी क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त से मिलकर ब्रिटिश सरकार की केंद्रीय असेंबली में बम फेंका। उन्होंने यह बम खाली स्थान पर फेंका, ताकि किसी को नुकसान न पहुंचे। बम फेंकने के बाद उन्होंने इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए और पर्चे फेंके।

बम फेंकने का मकसद खून-खराबा करना नहीं था। उन्होंने कहा भी कि यदि बहरों को सुनना है तो आवाज को बहुत जोरदार होना होगाए जब हमने बम गिराया तो हमारा ध्येय किसी को मारना नहीं था, हमने अंग्रेजी हुकुमत पर बम गिराया था, अंग्रेजों को भारत छोड़ना चाहिए और उसे आजाद करना चाहिए। उल्लेखनीय तथ्य यह कि बम गिराने के बाद वे चाहते तो भाग सकते थे लेकिन उन्होंने भागना स्वीकार नहीं किया। बल्कि बहादुरी से गिरफ्तारी दी। सच कहें तो भगत सिंह ने यह साहस दिखाकर अंग्रेजों को समझा दिया कि एक हिंदुस्तानी क्या-क्या कर सकता है। उनका यह साहस



दर्शाता है कि वे शांति के पैरोकार थे और हिंसा में उनका विश्वास रंचमात्र भी नहीं था। उन्होंने अपनी क्रांतिकारिता को रेखांकित करते हुए कहा भी है कि जरूरी नहीं था कि क्रांति में अभिशप्त संघर्ष शामिल हो, यह बम और पिस्तौल का पंथ नहीं था। भगत सिंह का अहिंसा में कितना अधिक विश्वास था वह इसी से समझा जा सकता है कि एक स्थान पर उन्होंने कहा कि अहिंसा को आत्मबल के सिद्धांत का समर्थन प्राप्त है, जिसमें अंततः प्रतिद्वंदी पर जीत की आशा में कष्ट सहा जाता है, लेकिन तब क्या हो जब ये प्रयास अपना लक्ष्य प्राप्त करने में असफल हो जाए। तभी हमें आत्मबल को शारीरिक बल से जोड़ने की जरूरत पड़ती है ताकि हम अत्याचारी और क्रुर दुश्मन के रहमोकरम पर ना निर्भर करें। क्या ऐसे विचार वाले एक महान क्रांतिकारी को हिंसावादी कहना उचित होगा, कतई नहीं।

ध्यान देना होगा कि 1919 में जब जलियांवाला बाग हत्याकांड हुआ तो भगत सिंह का खून खौल उठा था। लेकिन उन्होंने हिंसा का रास्ता अख्तियार करने के बजाए महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए असहयोग आंदालन का समर्थन किया। जेल में भगत सिंह ने बहुत यातनाएं सही। न तो उन्हें अच्छा खाना दिया जाता था और न ही पहनने को साफ-सुथरे कपड़े दिए जाते थे। उन्हें बुरी तरह पीटा जाता था और गालियां दी जाती थी। लेकिन वे तनिक भी विचलित नहीं हुए। उन्होंने जेल में रहते हुए ही अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंक दिया। भगत सिंह की जनमानस में व्याप्त लोकप्रियता से अंग्रेज इस कदर डरे हुए थे कि 24 मार्च, 1931 को उन्हें फांसी पर लटकाने के बाद उनके मृत शरीर को टुकड़े-टुकड़े कर दिए। उन्हें भय था कि अगर उनके मृत शरीर को उनके परिजनों को सौंपा गया तो देश में क्रांति की ज्वाला भड़क उठेगी जिसे संभालना मुश्किल होगा। भगत सिंह ने क्रांति के बारे में स्पष्ट कहा है किसी को क्रांति शब्द की व्याख्या शाब्दिक अर्थ में नहीं करनी चाहिए, जो लोग इस शब्द का उपयोग या दुरुपयोग करते हैं उनके फायदे के हिसाब से इसे अलग-अलग अर्थ और अभिप्राय दिए जाते हैं। बिडंबना यह है कि भगत सिंह को कुछ इसी तरह के फ्रेम में फिट कर उनके क्रांतिकारी विचारों की व्याख्या की गयी है जो एक किस्म से उनकी अहिंसक विचारधारा के साथ छल है। बिडंबना यह भी कि इतिहास के पन्नों में भी उनके जीवन और बलिदान को सही रूप में दिखाने के बजाए विकृत करने की कोशिश की गयी। उदाहरण के तौर पर देश के जाने-माने इतिहासकार विपिन चंद्रा और मृदुला मुखर्जी की किताब में शहीद भगत सिंह को कथित रूप से क्रांतिकारी आतंकवादी के तौर पर उद्घृत किया गया है। यह न सिर्फ एक महान क्रांतिकारी का अपमान भर है बल्कि विकृत इतिहास लेखन की परंपरा का एक शर्मनाक बानगी भी है। विकृत इतिहास लेखन की ऐसी शरारतपूर्ण बानगियां इतिहास में और भी दर्ज हैं जिससे भारतीय इतिहास के नायकों की छवि धूमिल हुई है। महान लेखक और राजनीतिज्ञ सिसरो ने इतिहास के बारे में कहा था कि इतिहास समय के व्यतीत होने का साक्षी होता है। वह वास्तविकताओं को रोशन करता है और स्मृतियों को जिंदा रखता है। देश जानना चाहता है कि औपनिवेशिक गुलामी और शोषण के विरुद्ध आवाज बुलंद करने वाले शहीद.ए.आजम भगत सिंह किस तरह क्रांतिकारी आतंकवादी थे और इतिहास का यह विकृतिकरण किस तरह विद्यार्थियों के लिए पठनीय है। अगर भारतीय इतिहास को भारतीय चेतना व मानस के प्रकाश में लिखा गया होता तो आज भगत सिंह को क्रांतिकारी आतंकवादी या शिवाजी को पहाड़ी चूहिया अथवा चंद्रगुप्त मौर्य की सेना को डाकुओं का गिरोह नहीं कहा जाता।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## परखें अपनी संकल्प शक्ति को



संकलित

दर्शन

संसार की सारी सफलताओं का मूल मंत्र है संकल्प शक्ति। इसी के बल पर विद्या, संपत्ति, साधनों का उपार्जन और सिद्धि की प्राप्ति होती है। यही वह आधार है, जिस पर आध्यात्मिक तपस्याएं और साधना निर्भर रहती है। यही वह संबल है, जिसे पाकर संसार में खाली हाथ आया मनुष्य वैभव सम्पन्न, ऐश्वर्यवान और विभिन्न सिद्धि प्राप्त कर दुनिया को चकित कर देता है। जीवन में उन्नति और सफलता की आकांक्षा करने से पहले अपनी संकल्प शक्ति को प्रबल तथा प्रखर बना लेने वालों को न कभी असफल होना पड़ता है और न ही निराश। हिंदू शास्त्रों में कहा गया है संकल्प मूलः कामः अर्थात कामना पूर्ति का मूल संकल्प को बताया है। प्रतिज्ञा, नियमाचरण तथा धार्मिक अनुष्ठानों में भी वृहत्तर शक्ति संकल्प की होती है। जिन विचारों-संकल्पों से मनोभूमि में स्थायी प्रभाव पड़ता है और जिनसे अंतःकरण में अमिट छाप पड़ती है, वे पुनरावृत्ति के कारण स्वभाव के अंग बन जाते हैं। ऐसे विचारों का अपना एक विशेष महत्त्व होता है। इन विचारों को क्रमबद्ध रीति से सजाने की क्रिया जिन्हें ज्ञात होती है, वे अपना भाग्य, दृष्टिकोण और वातावरण परिवर्तित कर सकते हैं और इस परिवर्तन के फलस्वरूप जीवन में कोई विशेष स्थिति या सिद्धि को प्राप्त कर सकते हैं। संकल्प का दूसरा रूप है आत्मविश्वास, साहस। यह जाग्रत व सुदृढ़ हो जाए, तो अपना विकास तेजी से पूरा करते हुए इच्छित सफलता या सिद्धि को प्राप्त कर सकेंगे। जब संकल्प शक्ति से कोई भी व्यक्ति आगे बढ़ता है, तो उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं होता।

## द्रुपद ने किया था द्रोणाचार्य का अपमान



संकलित

प्रेरणा

एक दिन सभी राजकुमार खेल रहे थे और उनकी कोई चीज कुएं में गिर गई। उन्हें कुएं से वह चीज निकालने में सफलता नहीं मिल रही थी। तभी वहां द्रोणाचार्य पहुंचे। द्रोणाचार्य ने अपनी धनुर्विद्या का उपयोग करते हुए कुएं से उनकी चीज निकाल दी। सभी ने द्रोणाचार्य के बारे में भीष्म पितामह को बताया। भीष्म तुरंत ही द्रोणाचार्य के पास पहुंचे। द्रोणाचार्य ने भीष्म से कहा कि मैं भारद्वाज ऋषि का पुत्र हूं। द्रुपद और मैं अच्छे मित्र बन गए थे। द्रुपद अपने राज्य चला गया और मैं अपने घर लौट आया। विवाह के बाद मेरा एक पुत्र हुआ अश्वत्थामा। मैं बहुत गरीब था, मेरा बेटा मुझसे दूध मांगता था, लेकिन मेरे पास उसे देने के लिए दूध नहीं था। एक दिन कुछ बच्चों ने अश्वत्थामा को पानी में आटा घोलकर दे दिया। मेरे बेटे ने आटे का पानी दूध समझकर खुशी-खुशी पी लिया। ये देखकर मुझे बहुत दुख हुआ। दुखी होकर मैं अपने मित्र द्रुपद से मदद मांगने के लिए पहुंचा। द्रुपद ने मुझे पहचानने से ही मना कर दिया और भरे दरबार में मेरा अपमान किया। उस दिन मैंने संकल्प लिया था कि मैं अपने अपमान का बदला लूंगा। अब मैं चाहता हूं कि मैं ऐसे शिष्य तैयार करूं जो द्रुपद को पराजित करें और मेरे सामने बंदी बनाकर ले आए। भीष्म ने द्रोणाचार्य की बातें सुनने के बाद कहा कि मैं आपसे बहुत प्रसन्न हूं। इसलिए अब से आप ही कौरव और पांडव राजकुमारों के गुरु होंगे। द्रोणाचार्य ने कौरव-पांडवों को इतना योग्य बना दिया कि उन्होंने द्रुपद को युद्ध में पराजित कर दिया और बंदी बनाकर द्रोणाचार्य के सामने ले आए थे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### संसद न चलने के लिए सत्ता पक्ष जिम्मेदार

संसद को न चलने देना, वह भी सत्तारूढ़ दल द्वारा, कुछ अटपटा सा लगता है क्योंकि संसद को सुचारू रूप से चलाने का दायित्व सरकार का होता है। संसद में समस्याओं का समाधान संवाद के माध्यम से निकाला जा सकता है और संसद में ही देश –विदेश से संबंधित विवादों को सुलझाया जा सकता है। जिस टिप्पणी को गंभीर मान कर संसद में गतिरोध चला है उस टिप्पणी को इतना गंभीर बनाने में लगता नहीं है कि कोई औचित्य रहा होगा, क्योंकि असहमति जताना और विरोध करने में ही लोकतंत्र की खूबसूरती होती है। किसी भी सूरत में असहमति जताना या विरोध करने का मतलब षड्यंत्र नहीं माना जाता है। ऐसा भी हो सकता है कि सत्तापक्ष का राहुल की टिप्पणी को मुद्दा बनाना राजनीतिक लाभ उठाने की चाहत हो।

– रमेश पटेल, रायगढ़

## ट्रेंड

### शुरू हो गया नववर्ष



आज से 'हिंदु कैलेंडर' का नया वर्ष शुरू हो गया है। हमारे विविधता से भरे देश भारत में सदियों से अलग-अलग कैलेंडर्स प्रचलित हैं। अभी वर्ष 2023 चल रहा है, लेकिन विक्रम संवत उससे भी 57 वर्ष पहले का है। यही हमारी संस्कृति है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### संयम और परिपक्वता



नववर्ष, नवरात्र, गुड़ी पड़वा की पतंजलि योगपीठ की ओर से हम शुभकामनाएं देते हैं हम योगव्रती, पुरुषार्थव्रती, स्वदेशीव्रती बन करके, दिव्य जीवन का व्रत लें, भौतिक -आध्यात्मिक समृद्धि के शिखर छूते हुए महान बनेंगे, भारत को महान बनाएंगे।

-स्वामी रामदेव, योग गुरु

### 'होमसिक' का अर्थ



आप सभी जानते हैं, अंग्रेजी मेरी पहली भाषा नहीं है, लेकिन जब मुझे काम के लिए बिहार छोड़ना पड़ा तो मुझे 'होमसिक' शब्द का अर्थ समझ में आया। इस जगह के लिए मेरे प्यार की व्याख्या करने के लिए पर्याप्त शब्द नहीं हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### प्यार करते रहेंगे




हमारी नई यात्रा जल्द ही शुरू होने वाली है। आप अपने घर के कलेंडर में डेट को मार्क कर लिजिए। कहीं ऐसा न हो कि आप इसे मिस कर जाएं। कल ही इसका ट्रेलर आउट होने जा रहा है। उम्मीद है कि यह आप सबको बहुत पसंद आएगा और आप हमेशा की तरह प्यार करते रहेंगे।

-सुनील ग्रोवर, अभिनेता




## करंट अफेयर


### विश्व की 26% आबादी के पास सुरक्षित पेयजल नहीं



संयुक्त राष्ट्र के पिछले 45 वर्षों में जल पर पहले बड़े सम्मेलन की पूर्व संध्या पर मंगलवार को जारी एक नयी रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया की 26 प्रतिशत आबादी को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं है, जबकि 46 फीसदी लोगों को बुनियादी स्वच्छता तक पहुंच हासिल नहीं है। संयुक्त राष्ट्र वर्ल्ड वाटर डेवलपमेंट रिपोर्ट 2023' में 2030 तक स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता तक सभी लोगों की पहुंच सुनिश्चित करने के संयुक्त राष्ट्र के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आवश्यक कदमों को भी रेखांकित किया गया है। रिपोर्ट के प्रधान संपादक रिचर्ड कोनोर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लक्ष्यों को पूरा करने की अनुमानित वार्षिक लागत कहीं न कहीं 600 अरब डॉलर से एक हजार करोड़ डॉलर के बीच है। कोनोर ने कहा कि हालांकि उतना ही महत्वपूर्ण निवेशकों, वित्तपोषकों, सरकारों और जलवायु परिवर्तन समुदायों के साथ साझेदारी करना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पैसा पर्यावरण को बनाए रखने के तरीकों में लगाया जाए और उन दो अरब लोगों को पीने योग्य पानी मिल पाए, जिनके पास सुरक्षित पेयजल नहीं है।

## ऑफ बीट

### डोमेस्टिकेशन सिंड्रोम की व्याख्या अब संभव



19वीं शताब्दी में, चार्ल्स डार्विन ऐसे चंद लोगों में से एक थे, जिन्होंने पालतू जानवरों के बारे में सबसे पहले कुछ दिलचस्प चीजों को महसूस किया : विभिन्न प्रजातियों में अक्सर उनके प्राचीन जंगली पूर्वजों की तुलना में समान परिवर्तन विकसित होते थे। लेकिन अलग-अलग पालतू जानवरों में एक साथ कुछ खास तरह के लक्षण प्रकट क्यों होते हैं? वैज्ञानिक साझा परिवर्तनों के इस संग्रह को 'डोमेस्टिकेशन सिंड्रोम' कहते हैं, और ऐसा होने का कारण अभी भी गर्मागर्म बहस का विषय है। प्रोसीडिंग्स ऑफ द रॉयल सोसाइटी बी में एक नए पेपर में, हम तर्क देते हैं कि वर्तमान में लोकप्रिय स्पष्टीकरण बिल्कुल सही नहीं हैं – और पालतू जानवरों के जीने के तरीके में बड़े बदलावों पर केंद्रित एक नई व्याख्या का प्रस्ताव करते हैं। साथ ही, हमारा सिद्धांत इस बात की अप्रत्याशित कहानी की अंतर्दृष्टि भी प्रदान करता है कि कैसे हम मनुष्यों ने खुद को पालतू बनाया। चारदीवारी के भीतर रहने के साझा परिवर्तन सबसे आम तौर पर साझा किया जाने वाला परिवर्तन शांत व्यवहार है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

# सन्नी बैरवा का आडीटर के पद पर चयन

गरीबो का सितारा



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के गढ़ीसवाईराम कस्बा का निवासी सन्नी कुमार बैरवा पुत्र श्रीराम बैरवा ने एसएससी सीजीएल परीक्षा मे सफलता प्राप्त कर रक्षा लेखा महा नियंत्रक विभाग मे लेखा परीक्षक ऑडीटर के पद पर चयन हुवा है। सन्नी बैरवा के चयन होने पर कस्बे वासियो ने बधाईयां दी है। गौरतलब है कि यह परीक्षा 2021 मे आयोजित हुई थी जिसका रिजल्ट अब आया है।सन्नी के पिता श्रीराम बैरवा टैन्ट व्यवसायी है।मिडिया को यह सारी जानकारी गढ़ीसवाईराम से राजेश राठौड के द्वारा दी गई है।

# अपराधियों को कोर्ट ट्रायल मिलती है तो डॉक्टरों को क्यों नहीं



गरीबों को सितारा

**युवराज शर्मा।** जैसा कि कल अशोक गहलोत सरकार ने राइट टू हेल्थ बिल विधानसभा में पारित किया उसमें साफ लिखा हुआ है कि डॉक्टर की एक बार शिकायत के बाद वह डॉक्टर सिविल कोर्ट में भी नहीं जा सकता तो क्या डॉक्टर अपराधियों से भी बड़ा अपराधी हो गया कि उसकी सुनवाई कोर्ट में भी नहीं होगी अध्यक्ष डॉ विजय पाल यादव ने बताया क्या ऐसा कानून आने के बाद कोई भी डॉक्टर किसी मरीज का सही इलाज कर पाएगा वे जनता से ही पूछते हैं कि यदि डॉक्टरों के खिलाफ ऐसा कानून सरकार ने पास किया है क्या उसके बाद मरीज की सेवा एक डॉक्टर निर्भीक होकर कर सकता है आज आई एम ए हॉल में 9:00 बजे से 11:00 बजे तक सरकारी एवं प्राइवेट डॉक्टरों की मीटिंग हुई जिसमें निर्णय लिया गया की प्राइवेट हॉस्पिटल पूर्णता बंद रहेंगे और कल 11:00 बजे सभी अपने अस्पतालों की चाबी लेकर के आईएमए हॉल आएंगे और उसके बाद चाबीयों को कलेक्टर को सौंपेंगे हम इस भय के वातावरण में काम नहीं कर सकते तथा शाम को सरकारी डॉक्टर भी अपने घरों पर मरीज नहीं देखेंगे प्राइवेट डॉक्टर ने भी आश्वस्त किया कि आने वाले समय में यदि सरकार ने सरकारी डॉक्टरों के खिलाफ कोई भी कार्यवाही की तो सभी प्राइवेट अस्पताल उनके खिलाफ होने वाली कार्रवाई पूर्णता समाप्त नहीं हो जाती तब तक कार्य बहिष्कार जारी रखेंगे और इस पूर्ण बंद की जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ सरकार की है क्योंकि सरकार ही ऐसा काला कानून विधानसभा में लेकर के आई है सरकार केवल और केवल झूठ बोलकर के जनता से वोट बटोर ना चाहती है और जनता को यह समझना चाहिए कि जो आपके इलाज का झूठा दावा सरकार डॉक्टरों से कराने का कर रही है उन डॉक्टरों की बात ही नहीं सुन रही है तो वह आप का इलाज कैसे सही कर सकते हैं।

# सहाड़ा में भव्य कलश यात्रा के साथ नो दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का शुभारंभ



गरीबों को सितारा

**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** सहाड़ा में नवयुग मंडल चामुंडा माता मंदिर एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वधान में पंडित विनोद शास्त्री के मुखारविंद से दिनांक 22 मार्च बुधवार से 30 मार्च गुरुवार तक नौ दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई मैं बड़ी संख्या में महिलाएं कलश लेकर मंगल गीत गाते हुए चल रही थी। भंवर लाल जाट ने बताया की श्री राम कथा में 23 मार्च को शिव पार्वती विवाह ,24 मार्च को राम जन्मोत्सव, 26 मार्च को राम जानकी विवाह एवं 30 मार्च को हवन पूणार्हुति का आयोजन होगा। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ घनश्याम शर्मा,रोशन जोशी,रामेश्वर जाट एडवोकेट,हरलाल बडेरा,लक्ष्मी लाल शर्मा, भंवर जाट ,सुरेश शर्मा, भगवती लाल सोनी, किशन बडेऱा, , शंकर वैष्णव,शंभू सिंह, प्रकाश( छोटू )शर्मा,किशन माली, मोहन जाट, गोरर्धन शर्मा, सोहन तेली,भंवरखन्दा गोपी लाल सेन, सत्यनारायण शर्मा, जगदीश जाट, रतन जाट, अंकुश सचेंती ,रामेश कुम्हार,प्रकाश ( पिन्टू ) जाट ,गौपाल सुथार सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे। नो दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा को लेकर गाँव में उत्साह का माहौल है ।

# बारिश में भीगा भगवा, मुख्य मार्गो से निकाली रैली



गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** नव संवत्सर हिंदू नव वर्ष के अवसर पर शहर में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। हिन्दू जागरण मंच के प्रदेश सह संयोजक हुकम चंद यादव ने बताया कि शोभा यात्रा को लेकर पिछले 15 दिन से हिंदू संगठनों के कार्यकताओं द्वारा बैठकों का आयोजन कर तैयारियां की गई। हिन्दू जागरण मंच के खंड संयोजक कर्मवीर यादव व विशाल गोयल ने बताया कि दो दिन पूर्व शहर के समस्त खंभों पर भगवा झंडियाँ व अनेक स्थानों पर स्वागत द्वार बनाए गए हालांकि रैली के दौरान बारिश भी होती रही लेकिन इसके बावजूद रैली जारी रही। इस अवसर पर पूरा शहर भगवामय हो गया और शहर में एक उत्सव जैसा माहौल देखा गया। रास्ते मे जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

# हरियाणा के कुख्यात गैंगस्टर कौशल को कड़ी सुरक्षा में किया बहरोड़ कोर्ट में पेश

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** हरियाणा के हार्डकोर बदमाश विक्की उर्फ कौशल को बुधवार को बहरोड़ न्यायालय के नंम्बर 1 एसीजीएम में पेश किया गया। जानकारी के अनुसार मांढण पुलिस थाने का फर्जी पासपोर्ट के मामले में आरोपी कौशल को कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान राजस्थान व हरियाणा पुलिस छावनी के रूप में नजर आई। मौजूद पुलिस में एडिशनल एसपी जगराम मीना, डीएसपी आनन्द राव, एसएचओ वीरेन्द्र पाल विश्नोई, क्यूआरटी पुलिस व भारी हरियाणा व राजस्थान पुलिस का जाप्ता मौजूद रहा।





## कौन है गैंगेस्टर कौशल

गांव हरियाणा के नाहरपुर रूपा के रहने वाले कुख्यात गैंगस्टर कौशल गैंग का नाम कई हत्या मामलों में सामने आ चुका है। कौशल के बारे में कहा जाता है कि उसका और गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के बीच छत्तीस का आंकड़ा है। हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी, लूट, अपहरण सहित कई वारदातों में आरोपित कुख्यात गैंगस्टर कौशल गुरुग्राम सहित पूरे दक्षिण हरियाणा में वर्षों तक आतंक का पर्याय रहा है। वह दुबई से बैठकर अंडरवर्ल्ड डान की तरह अपने गुर्गों से वारदात को अंजाम दिलाता था। वर्ष 2019 में गिरफ्तारी के बाद से वह जेल में बंद हैं।

## कौशल और लारेंस के बीच छत्तीस का आंकड़ा

बताया जाता है कि पिछले कुछ समय से कुख्यात गैंगस्टर कौशल और लारेंस बिश्नोई के बीच छत्तीस का आंकड़ा है। दोनों गैंग के बीच शह-मात का खेल चल रहा है। यह भी बताया जाता है कि दक्षिण हरियाणा कौशल का गढ़ रहा है। वह नहीं चाहता कि लारेंस बिश्नोई उसके गढ़ में अपनी बादशाहत कायम करे। दक्षिण हरियाणा में खासकर गुरुग्राम में लारेंस बिश्नोई गैंग की सक्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसके 20 से अधिक गुर्गे गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर संपन्न

## राष्ट्र सेवा सर्वोपरि- चंद्र सिंह

गरीबो का सितारा





**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर के नगर परिषद रोड़ स्थित राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर बुधवार को मुख्य अतिथि चंद्र सिंह रावत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपुर अध्यक्षता में संपन्न हुआ प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत विशिष्ट अतिथि गोपाल सिंह समाजसेवी एवं अब्दुल हनीफ खान प्रधानाचार्य ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया पारी प्रभारी राजेंद्र प्रजापति ने बताया कि समाज सेवा शिविर राजस्थान सरकार के द्वारा चलाया गया एक बहुत बड़ा अभियान है स्थानीय विद्यालय में एक दिवसीय शिविर में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने विद्यालय की साफ सफाई की एवं अन्य कार्य किये। पधारे हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।समारोह के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि रावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं एक छोटे से गांव से निकलकर सेना में भर्ती हुआ एवं उसके पश्चात शिक्षक बना एवं अंत में पुलिस सेवा में भर्ती हुआ यह सब शिक्षा का परिणाम है एवं कहा कि कोई भी सर्विस प्राप्त करने में केवल मात्र व्यक्ति की स्वयं की मेहनत ही काम करती है एवं बालकों को आह्वान किया कि आप स्वयं अधिक से अधिक अध्ययन करें और अच्छे मुकाम को प्राप्त करें। समाजसेवी गोपाल सिंह रावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वयंसेवक गांव गली मोहल्ला एवं विद्यालय में अपनी सेवाएं प्रदान करें प्रधानाचार्य अब्दुल हनीफ खान ने सभी स्वयंसेवकों को उद्बोधन प्रदान करते हुए कहा कि आप स्वयं सेवा के मार्ग पर चलकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें समारोह में समाज सेवा शिविर पप्रभारी मिश्रीलाल प्रजापति सहायक प्रभारी भोपाल सिंह व उप प्राचार्य परमेश्वर सिंह मुकेश प्रजापति नरेश कुमार आदि भी उपस्थित हुए समारोह का संचालन श्रीकिशन वैष्णव ने किया।

# ध्वज पूजन के साथ शुरू हुई कलश यात्रा यात्रा में श्रद्धालुओं ने लिया बढ़-चढ़कर भाग



गरीबो का सितारा

**रामगढ़ पचवारा/नवल कामदार।** उपखंड मुख्यालय यहां स्थित शिव मंदिर बस स्टैंड से कलश यात्रा बैंड बाजे के साथ रवाना होकर कस्बे के मुख्य मार्गो से होती हुई सीतारामजी मंदिर



पहुंची। कलश यात्रा का कस्बे में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी कर पर गुलाल उड़ा कर भगवान के जयकारे लगाए। इसके मुख्य यजमान ललित गुप्ता व परमानंद सोनी रहे वहीं मुख्य कलश नीतू गुप्ता व मीनू सोनी ने सिर पर रख। श्री सीताराम जी महाराज के महंत तुलसीदास महाराज काली कमली निमोर्ही के द्वारा अखंड रामचरित्र मानस चैत्र नवरात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 21 जोड़ो के द्वारा रामायण का आयोजन किया जा रहा है।इस दौरान लल्लू प्रसाद निरायणवाल, आत्माराम गुप्ता, कैलाश गुप्ता, योगेश जांगिड़, अजय शर्मा चक्की वाले,मुन्ना सोनी हीरालाल माली , गिर्राज डंगायच, भगवान निरायणवाल,आशीष निरायणवाल,रामचरण हलवाई,मोनू निरायणवाल,बनवारी सैनी,दिनेश हलवाई, कुंजा बिहारी हलवाइ,कैलाश ठाकुरिया,ओमप्रकाश निरायणवाल , ,श्रीराम गुप्ता, ओमप्रकाश जांगिड़, मोहन सोनी, राजेंद्र निरायणवाल, पिंकी कामदार, बीना गुप्ता ,कनिका गुप्ता, पूजा सोनी ,चंद्रकला ठाकुरिया, भगवती गुप्ता, संतोष खंडेलवाल,अर्चना, नीलम कामदार,पायल गुप्ता, सहित आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# रैणी उपखण्ड अधिकारी का कार्यभार संभाला (प्रशिक्षु) आईएएस रिया डाबी ने

गरीबो का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर जिला कलेक्टर डाक्टर जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देशन मे रैणी उपखण्ड अधिकारी के पद पर रिया डाबी(प्रशिक्षु) आईएएस ने बुधवार को कार्यभार संभाल लिया है और कलेक्टर सोनी के निर्देशन मे रैणी एसडीएम अनिल सिंघल को रिलीव कर उनके स्थानांतरण कोटा मे उपखण्ड अधिकारी के भेज दिया गया है।उल्लेखनीय है कि रैणी-उपखंड अधिकारी अनिल कुमार सिंघल का पूर्व मे तबादला कोटा हो गया था लेकिन रैणी उपखण्ड मुख्यालय पर कोई उपखण्ड अधिकारी नही लगाया गया था इसलिए एसडीएम सिंघल रैणी से रिलीव नही किए गए लेकिन 22 मार्च 2023 को अलवर कलेक्टर के निर्देशन मे रैणी उपखण्ड अधिकारी का चार्ज रिया डाबी ने ले लिया है। रिया डाबी कुछ समय के लिए खैरथल तहसीलदार के पद पर भी रह चुकी है और



कुछ समय के लिए लक्ष्मणगढ एसडीएम के रूप मे रह चुकी है प्रशिक्षु आईएएस रिया डाबी और अब वर्तमान मे रैणी एसडीएम के रूप मे कार्यभार संभाल लिया है। रिया डाबी के चार्ज लेते समय रैणी सरपंच मीरा शिवचरण सैदावत और निवर्तमान रैणी एसडीएम अनिल कुमार सिंघल तथा रैणी तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर और सरपंच प्रतिनिधी शिवचरण सैदावत सहित देवेन्द्र कुमार व उपखण्ड कार्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# प्रजापति समाज ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

गरीबो का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर के निकटवर्ती टॉडगढ़ में श्रीश्रीयादे माता मंदिर का विवाद पर 12 खेड़ा गांव के प्रजापति समाज के लोग उपखंड अधिकारी टॉडगढ़ एवं थाना अधिकारी को ज्ञापन देते हुए गत दिनों मंदिर में तोड़फोड़ की रिपोर्ट देने को गलत बताया आरोप लगाया है समाज के लोगों ने बताया कि मंदिर 12 खेड़ा के अधीन आता है जवाजा अध्यक्ष सत्यनारायण प्रजापति ने गलत पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है क्योंकि इस मंदिर की शिलालेख पट्टी पर उन्होंने ही सभी नाम लिखाये व और परिवर्तन कराए हैं ग्रामीणों ने बताया कि समाज के लोगों ने मंदिर में किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ नहीं की है ज्ञापन में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई पूर्ण गलत हैं समाज के लोगों के खिलाफ उपखंड अधिकारी एवं थानाधिकारी को तोड़फोड़ करने का ज्ञापन जो रिपोर्ट जो दी गई है व सरासर गलत है समाज के लोगों ने सत्यनारायण प्रजापति के खिलाफ जांच कर गलत रिपोर्ट देने के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है । मांग करने वालों में भंवरलाल, पांचू लाल प्रजापति, बाबूलाल, गोपाराम,नारायण लाल, मांगीलाल जस्सा खेड़ा, कालूराम, संपत राम इत्यादि व्यक्ति विद्यमान रहे।





# विश्व जल दिवस के अवसर पर जनप्रतिनिधि व कर्मचारियों ने किया श्रमदान

गरीबो का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** विश्व जल दिवस के उपलक्ष में ग्राम पंचायत फलामदा में ब्लॉक स्तरीय विश्व जल दिवस कार्यक्रम आयोजित! कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंचायत समिति हुरडा प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़ ,फलामादा सरपंच महिपाल सिंह चुंडावत के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक स्तरीय कर्मचारियों ने गांव में बनी काली तलाई मे श्रमदान किया।प्रधान राठौड़ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2080 एवं चैत्र नवरात्रा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बताया कि जल



पृथ्वी के प्रत्येक मनुष्य जीव जंतु के लिए महत्वपूर्ण है एक बेहतर भविष्य के लिए आज से ही जल बचाएं जल संरक्षण हमारा दायित्व ही नहीं कर्तव्य भी है।जनप्रतिनिधियों सहित ब्लॉक के उच्च अधिकारियों द्वारा 5 नरेगा श्रमिकों को निशुल्क औजार वितरित किए। उपखंड अधिकारी विनोद कुमार मीणा ने राजीव गांधी जल संचय योजना के अंतर्गत जल संरक्षण हेतु सभी सरकारी कर्मचारियों सहित ग्राम वासियों को शपथ दिलाई। विकास अधिकारी ज्योति प्रजापति ने बताया कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना राजीव गांधी जल संचय योजना के अंतर्गत भू-जल स्तर में वृद्धि करना एवं गिरते भू-जल के स्तर में कमी करना। ⁄ वर्षा जल संग्रहण एवं संरक्षण कर सिंचित एवं कृषि योग्य क्षेत्रफल को बढाना। ⁄ सघन वृक्षारोपण कर राज्य में हरित क्षेत्र को बढ़ाना हे।सहायक अभियंता ओमप्रकाश लाठी ने बताया कि पंचायत समिति हुरडा ब्लॉक के अंतर्गत फलामादा, उंखलिया, टोकरवाड, दांतडा, जालमपुरा सोडार पंचायतों के 12 गांव में लगभग अनुमानित 11 करोड़ के कार्य योजना के अंतर्गत आगामी 2 वर्षों में किए जाएंगे ।सरपंच महिपाल सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को स्वागत सत्कार कर जल बचाओ से संबंधित स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम में सहायक अभियंता प्रेमचंद रेगर ,विकास अधिकारी मुकेश शर्मा, खळअ ओमप्रकाश डीडवानिया ,कृषि पर्यवेक्षक सुरेश मीना, रोजगार सहायक राजेन्द्र सिंह, लाइनमैन विजेन्द्र चौधरी, पंचायत के चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, महिला व बाल विकास विभाग सहित पंचायत के ग्राम वासी मौजूद थे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

चौमूं हुआ भगवामय

# हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर जय श्रीराम के नारों से गूंजा चौमूं शहर

## हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति के तत्वावधान में निकाली गई शोभायात्रा





### हजारों की तादात में उमड़ा जनसैलाब

### पुलिस प्रशासन के पुख्ता इंतजामों के बीच हुआ रैली का सफल आयोजन



गरीबों का सितारा

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )।** हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर हिन्दू नववर्ष समिति के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के रींगस रोड स्थित अंजनी हनुमान मंदिर धाम से विशाल भगवा शोभायात्रा रैली निकाली गई ' शोभायात्रा में भारत माता सहित विभिन्न झाकियां सजाई गयी जो रैली का मुख्य आकर्षण रहा ' रैली में भगवा दुपट्टा धारण किए बाइक सवारों ने अपनी बाइको पर भगवा झंडिया लगाकर पुरे जोश व उत्साह के साथ रैली में भाग लिया ' रैली पुलिस के सुरक्षा इंतजामों के बीच शहर के परकोटे के बाहर मुख्य मार्गों रींगस रोड,आमलिया,सामोद रोड तिराहा, बस स्टैण्ड, थाना चौराहा जयपुर जयपुर रोड होते हुए मगध नगर स्थित भगत सिंह सर्किल पहुंचकर संपन्न हुई ' रैली में हजारों की तादात में उमड़े जनसैलाब ने जय श्रीराम-जय श्रीराम, एवं भारत माता की जय भारत माता की जय के जयकारे लगाकर पुरे शहर को गुंजायमान कर दिया ' रैली का मार्ग में जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया ' रैली में युवाओं का जोश व उत्साह अपने चरमोत्कर्ष पर दिखाई दिया 'रैली में जनप्रतिनिधियों,युवाओं, महिलाओं, छात्र-संघटनों, व्यापार मंडलो,सामाजिक संघटनों व राजनैतिक संघटनों के लोगों के साथ साथ आमजन ने पुरे हर्षोल्लास के साथ भागीदारी निभाकर रैली को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ' रैली में पुलिस के आला अधिकारीयों ने रैली के प्रारम्भ से लेकर रैली के समापन तक रैली में पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रही जिसके चलते रैली शांति पूर्ण संपन्न हुई ' रैली में सहायक पुलिस आयुक्त चौमूं राजेन्द्र सिंह निर्वाण, चौमूं थाना प्रभारी विक्रांत शर्मा सहित जयपुर जिले के कई थानों से बुलाया गया पुलिस के अतिरिक्त पुलिस दस्ते के साथ पुलिस के आलाधिकारी भी मौजूद रहे वहीं रैली में विधायक रामलाल शर्मा, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, एआईसीसी मेंबर कुमारी कुमारी,एमजेएफ चेयरपर्सन कैलाश राज सैनी, गोविंदगढ़ प्रधान रामस्वरूप यादव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक हरफूल घोसल्या, आयोजन समिति संयोजक रघुवर दयाल पारीक, भाजपा युवा नेता श्याम शर्मा, सुरेश गोदारा, रालोपा प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव, भाजपा नेता डॉ. श्रवण बराला सहित अनेक हिन्दू संघटनों के युवा कार्यकताओं सहित हजारों की संख्या में आमजन मौजूद रहे ' वहीं बुधवार को चौमूं के कालाडेरा कस्बे में भी रैली का आयोजन हुआ।

# आजादी के नायकों के विचार जन जन तक पहुंचाएं : हिमांशु शर्मा

गरीबों का सितारा




**रुपेश शर्मा।** संवाददाता सम्मेलन में शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक हिमांशु शर्मा ने बताया कि 2006 से लगातार महात्मा गांधी एवं आजादी के नायकों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ।संपूर्ण अलवर जिले में जिला मुख्यालय,ब्लॉक मुख्यालय और पंचायत स्तर पर भी लगातार युवा पीढ़ी को महात्मा गांधी का संदेश निरंतर पहुंचाया जा रहा है। कोरोना काल के समय भी जिले के गांधी कार्यकताओं ने कोई नागरिक भूखा ना सोए की मुहिम के तहत आमजन को जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराया और वन्यजीवों को भी चारा फल सब्जी उपलब्ध कराकर उनके जीवन की रक्षा की। इस अवसर पर जिला संयोजक हिमांशु शर्मा ने कहा कि अहिंसा संदेश यात्रा में अलवर शहर के 5000 स्कूली बच्चों ने अनुशासन के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वाले नायकों का संदेश पहुंचाया, जो कि अलवर जिले का ऐतिहासिक कार्यक्रम रहा। अलवर जिले में प्रेम,अमन, चैन,भाईचारा , सद्भावना एवं आपसी सौहार्द्र की मिसाल कायम रह सके। इसलिए केंद्रीय कारागृह में भी जाकर बंदीयों के साथ गांधी विचार कैदियों के साथ साझा कीये, जोकि कैदी साथियों के द्वारा इस कार्यक्रम को सराहा गया और सभी कैदी भाइयों ने जेल से रिहा होने के बाद अपराध ना करने का संकल्प लिया ।महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति निरंतर ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक के महत्वपूर्ण गांधी कार्यकताओं के साथ समय-समय पर बैठक आयोजित कर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को भी जन जन तक पहुंचा रही है। गांधी कार्यकर्ता यह चाहते हैं कि सरकार की योजनाओं का लाभ गांव गांव, ढाणी ढाणी तक बैठे व्यक्ति को मिले। जिला सह संयोजक ओम प्रकाश डहलावास एवं ब्लॉक संयोजक घनश्याम तवर ने बताया कि 24 एवं 25 मार्च को जिला स्तरीय गांधी प्रशिक्षण शिविर प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। जिसमें अलवर जिले के सभी सम्मानित गांधी कार्यकर्ता भाग लेंगे एवं सेवा आश्रम वर्धा शांति एवं अहिंसा निदेशालय के निदेशक मनीष शर्मा सहित अनेक गांधीवादी विचारक भाग लेंगे। यह जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर दो दिवस का रहेगा इस के पश्चात ब्लॉक स्तरीय गांधी प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। पत्रकार वार्ता में जिला महासचिव विशाल यादव, बक्शा नंद भारती, सुगन चंद शर्मा, राजेंद्र सैनी दशरथ सिंह शेखावत आदि उपस्थित थे।

## सहाड़ा में भव्य कलश यात्रा के साथ नो दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का शुभारंभ

गरीबों का सितारा



**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** सहाड़ा में नवयुग मंडल चामुंडा माता मंदिर एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वधान में पंडित विनोद शास्त्री के मुखारविंद से दिनांक 22 मार्च बुधवार से 30 मार्च गुरुवार तक नौ दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई मैं बड़ी संख्या में महिलाएं कलश लेकर मंगल गीत गाते हुए चल रही थी। भंवर लाल जाट ने बताया की श्री राम कथा में 23 मार्च को शिव पार्वती विवाह ,24 मार्च को राम जन्मोत्सव, 26 मार्च को राम जानकी विवाह एवं 30 मार्च को हवन पूणार्हुति का आयोजन होगा। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ घनश्याम शर्मा,रोशन जोशी,रामेश्वर जाट एडवोकेट,हरलाल बडेरा,लक्ष्मी लाल शर्मा, भंवर जाट ,सुरेश शर्मा, भगवती लाल सोनी, किशन बडेरा, , शंकर वैष्णव,शंभू सिंह, प्रकाश( छोटू )शर्मा,किशन माली, मोहन जाट, गोरर्धन शर्मा, सोहन तेली,भंवरखन्दा गोपी लाल सेन, सत्यनारायण शर्मा, जगदीश जाट, रतन जाट, अंकुश सचेंती ,रामेश कुम्हार,प्रकाश (पिन्टू) जाट ,गौपाल सुथार सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे। नो दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा को लेकर गाँव में उत्साह का माहौल है।

## हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में भाजपा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुदेश खामरा ने तिलक लगाकर दी शुभकामनाएं

गरीबों का सितारा






**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रामगढ से भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुदेश खामरा ने नव वर्ष के उपलक्ष्य में एक मुहिम चलाई जिसमें रामगढ़ विधानसभा के कई गांव लोगों के तिलक लगाकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी सुदेश खामरा ने हिंदू नव वर्ष को बड़े धूमधाम से मनाने की अपील की। जोश में कार्यकताओं ने जय श्रीराम के उद्घोष उत्साहित नजर आए । भाजपा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुदेश खामरा ने बताया कि आज हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में एक मुहिम चालू की है मेरी कामना है कि हिंदू नववर्ष पर सभी लोग एक दूसरे को तिलक लगाकर व प्रत्येक घर में भगवा झंडा लहराए इसमें रामगढ़ विधानसभा के गोविंदगढ़ नौगांवा रामगढ़ व अन्य क्षेत्रों में भारी संख्या में दुकानदारों को भगवा झंडा बांटा जा रहा। साथ ही बताया कि आम लोगों से अपने घरों पर भगवा ध्वज लगाने नववर्ष पर घर में पकवान बनाने और रात्रि में दीपोत्सव जैसा त्यौहार मनाने की अपील की जिससे कि हिंदू नववर्ष का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया जाए लोगों को प्रेरणा भरें ताकि हमारी सभ्यता और संस्कृति सुरक्षित रहे और समृद्ध साली बने यह केवल नववर्ष का आगमन ही नहीं बल्कि यह नव वर्ष हमारे अंदर नई कार्य शक्ति पैदा करने के लिए नवरात्रि के रूप में प्रेरणा स्रोत भी है इस मौके पर तमाम हिंदू संगठन के लोग उपस्थित रहे महामंत्री अनुज सैनी ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष मुकेश जयसवाल दयाराम गुर्जर देवकीनंदन मंडल अध्यक्ष पार्षद अंजू पुरुषोत्तम इत्यादि मौजूद थे। मिडिया को यह सारी जानकारी रामगढ से अमित कुमार भारद्वाज के द्वारा दी गई है।

# भीलवाड़ा में फूल माली समाज की ओर से चारभुजा नाथ का बेवाण धूमधाम से निकाला

गरीबों का सितारा



**गुरला/ बद्री लाल माली।** फुलेरिया माली समाज संपत्ति ट्रस्ट भीलवाड़ा की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाल्गुन अमावस्या पर श्री चारभुजा नाथ मंदिर कल्कि पुरा से चारभुजा नाथ जी का बेवान महाआरती व प्रसाद भोग लगने के बाद रथ में सवार होकर बैंड बाजों के अभिवादन में माणिक्य नगर माली खेड़ा क्षेत्र में भ्रमण किया इस अवसर पर चारभुजा नाथ ने बेवान में भक्तों व समाज बंधुओं को घर-घर जाकर दर्शन दिये,जगह-जगह पुष्प वर्षा कर के ,गुलाल खेलते हुए ,आरती उतार कर स्वागत अभिनंदन किया, भक्तजनों ने भ्रमण के दौरान चारभुजा नाथ के जयकारों व प्रभात फेरी के भजनों व ढोल पर झूमते हुए गुलाल खेली साथ ही क्षेत्र में स्थित श्री चारभुजा नाथ मंदिर माणिक्य नगर माली खेड़ा,चामुंडा माता जी के मंदिर ,पंचमुखी बालाजी मंदिर पर आरती उतार कर पूजा अर्चना की गई। समाजसेवियों ने श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह प्रसाद अल्पाहार वितरण किया। बेवान भ्रमण करते हुए मध्य रात्रि में पुनः निज मंदिर पहुंचा जहां महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में सभी वर्ग के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व श्रद्धालु गीतों पर झूम उठे । अध्यक्ष दौलत माली,सचिव दिनेश माली कोषाध्यक्ष पुषालाल तुन्दवाल उपाध्यक्ष कालू नोकरी भेरू पटेल सहित शंभूलाल,कन्हैया लाल गढ़वाल, नारायण,मूलचंद, कैलाश,कालू मोरी,, कैलाश,सुमित,संपत,मुकेश गोयल,छगन रागसिया,पिंटू चुलिवाल,शम्भू पारेता,अनिल अलुदिया, सुरेश गुलगावा,बाबू तुंगरिया,राजेश पारेता,देवकरण,श्याम लाल रागसिया,काना गढ़वाल दुगार्लाल,ट्रस्टीगन व पूर्व पार्षद उकार माली,नंदलाल पारेता,चांदु सांखला,भेरू गढ़वाल,मूलचंद समाज के गणमान्य व्यक्ति ,युवा व महिलाएं सहित सेकड़ो की संख्या में समाज जन ने उत्साह व उमंग से भाग लिया। कालू जी नोकरी ने बताया की ऐसा एतिहासिक बेवाण वर्षो बाद निकला और साथ ही बेवाण में पधारे सभी समाज जन और महिलाओ का आभार वक्त किया।

# मीना का पाटन पंचायत मुख्यालय पर स्थानीय जन प्रतिनिधियो और आमजन के द्वारा भव्य स्वागत सत्कार किया

गरीबों का सितारा







**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत-पाटन मुख्यालय पर बुधवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना का स्थानीय जन प्रतिनिधी सरपंच सरोज मीना व बीलेटा सरपंच नवल किशोर गुर्जर और उप सरपंच पाटन तथा पलवा सरपंच प्रतिनिधी कालूराम मीना तथा पूर्व मंडल सदस्य रामस्वरूप मीना सहित अनेक गणमान्य ग्रामीण नागरिको द्वारा फूल मालाओ से व साफा बांधकर स्वागत सत्कार किया गया। यह स्वागत सत्कार महेश चन्द मीना का इस खुशी मे किया गया कि मीना को संगठन द्वारा अलवर जिला संयुक्त सचिव के साथ साथ राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव पद पर मनोनीत किया गया है इसलिए मान सम्मान मे स्वागत किया गया । इसी स्वागत की कडी मे राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना ने भी स्थानीय सरपंच सरोज मीना जो राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन मे महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अलवर है जिनको अन्तर्राष्ट्रीय महिला शिरोमणी अवार्ड से नई दिल्ली में 12 मार्च को सम्मानित किया गया था उनका भी पुष्प गुच्छ देकर स्वागत सत्कार किया। इस दौरान पंचायत पाटन का समस्त स्टाफ मौजूद था और अनेक गणमान्य ग्रामीण नागरिक भी मौजूद थे।

# एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू होने से अधिवक्ताओं में खुशी की लहर

## अधिवक्ताओं ने मनाया विजयोत्सव, निकाली रैली

### प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का धन्यवाद ज्ञापित करने को लेकर निकाली रैली

गरीबों का सितारा





**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर )।** राज्य सरकार द्वारा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागु किये जाने से उत्साहित चौमूं बार एसोसिएशन के वकीलों में खुशी की लहर दिखाई दी ' बुधवार को बार अध्यक्ष एडवोकेट हेमाराम चौधरी एवं महासचिव एडवोकेट महेंद्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को धन्यवाद पारित करने हेतु चौमूं थाना मोड़ स्थित तहसील परिसर से विजयोत्सव मनाते हुए डीजे की धुन पर नाचते थिरकते खुशी मनाते हुए रैली निकाली ' एडवोकेट्स विजयोत्सव रैली शहर के थाना मोड़ से बस स्टेण्ड व बस स्टैंड से वापसी करते हुए तहसील परिसर पहुंच कर संपन्न हुई ' इस दौरान रैली में मौजूद सभी वकील उत्साह से भरपूर रंग बिरंगी गुलाल से लबरेज नजर आए ' साथ ही डीजे की धुन पर मस्ती से नाचते गाते व झूमते दिखाई दिए ' रैली के साथ पुलिस का दस्ता भी मौजूद रहा ' एडवोकेट हेमराज यादव ने बताया कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर काफी समय से प्रदेश के विभिन्न एडवोकेट संघटनों ने राज्य सरकार से अपनी मांगों को लेकर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की थी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांगे मंजूर कर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने को लेकर आज प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को धन्यवाद पारित करने के लिए विजयोत्सव रैली निकाली जा रही है' बार एसोसिएशन चौमूं मुख्यमंत्री जी के इस फैसले के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित करता है एवं आभार व्यक्त करता है' साथ ही उन्होंने बताया कि इस बार होली पर बार के वकीलों द्वारा होली नहीं खेली गई थी' जिसकी वजह से आज विजयोत्सव रैली के साथ साथ रंग बिरंगी गुलालों के साथ होली खेलकर होली स्नेह मिलन भी बनाया गया है। इस मौके पर बार के सभी अधिवक्ता मौजूद रहे।

# भारतीय नववर्ष का शोभायात्रा निकालकर किया स्वागत

गरीबों का सितारा




**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** नगर में भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल एकम को लेकर भारत विकास परिषद, बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद गंगापुर द्वारा बुधवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भी संघ के संस्थापक डॉ केशव राव बलिराम हेडगेवार का जन्मोत्सव मनाया गया और आद्य सरसंघचालक प्रणाम किया गया। शोभायात्रा में आलोक विद्या मंदिर, आदर्श विद्या मंदिर ,जवाहर सेवा सदन के विद्यार्थी भगवा पताका लेकर चल रहे थे। शोभा यात्रा नगर के चारभुजा मंदिर से शुरू हुई जो मुख्य मार्गो से होती हुई शास्त्री पार्क पहुंची। शोभायात्रा में भारत माता की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में चारभुजा नाथ के बेवाण के साथ दो और बेवाण शोभायात्रा के साथ थे ।इस दौरान लोगों को तिलक लगाकर मिश्री, कालीमिर्च और नीम की कोपल आदि का प्रसाद वितरित करके नव वर्ष की बधाइयां भी दी । इससे पूर्व सुबह पांच बजे शंख ,ढोल बजाकर मंगरे पर आतिशबाजी भी की गई । नगर के मुख्य चौराहो पर आकर्षक रंगोली सजाई गई। शोभायात्रा में भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय मंत्री संदीप बाल्टी प्रांतीय सह संयोजक रक्तदान प्रभारी सत्यनारायण चेचानी,शाखा अध्यक्ष चैनसुख जीनगर,सचिव अखिलेश अग्रवाल,वित्त सचिव राजेश समदानी,संरक्षक प्रहलादराय सोमानी,सुरेश सिघवी,नवरत्न हिरण,विहिप के तहसील अध्यक्ष जगदीश, बजरंग दल के शोभा लाल जीनगर , विद्याप्रसाद जोशी , चमन लोसर, पवन लोहिया,तुषार अग्रवाल,अशोक मूंदड़ा ,दिनेश श्रोत्रिय, राजेश राका, प्रशांत सिंघवी, राजाराम लोहिया,अरविंद चौधरी,लादुलाल जागेटिया,वंदना बाल्दी,प्रियंका अग्रवाल,निशा समदानी,विजय श्री दाधिच,ममता जीनगर आदि मौजूद थे।


गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# बासी भोजन को कहें ना वर्ना हो जाएंगे बीमार



आमतौर पर घरों में लोग बासी खाना खाने से परहेज नहीं करते हैं। लेकिन इससे कई तरह की बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है। कुछ कॉमन फूड्स को बासी खाने से क्या परेशानियां हो सकती हैं, आपको जरूर पता होना चाहिए।

**प्रिकॉशन**

**रजनी अरोड़ा**

आज की बिजी लाइफस्टाइल की वजह से कुछ लोग एक ही बार में ज्यादा खाना बनाकर फ्रिज में स्टोर करके रख देते हैं और फिर तीन-चार मीटिंग गर्म करके खाते रहते हैं। फूड स्टैंडर्ड एजेंसी (एफएसए) के मुताबिक फ्रिज में रखा भोजन खाने में खराब भले ही ना लगे, लेकिन उस बासी खाने में हार्मफुल बैक्टीरिया और अन्य माइक्रोऑर्गेनिज्म पनपने लगते हैं, जो पेट में पहुंच कर विषैले तत्व और केमिकल बनाने शुरू कर देते हैं। इससे एसिडिटी, डायरिया, पेट में दर्द, अपच, डिहाइड्रेशन या फूड पॉयजनिंग की आशंका बढ़ती है। बासी खाना लंबे समय तक खाते रहने से शरीर में अंदर ही अंदर कई बीमारियों का जन्म हो सकता है। इससे व्यक्ति मोटापा, लिवर से जुड़ी समस्याएं, कोलेस्ट्रॉल, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट संबंधी बीमारियों का शिकार हो सकता है। आहार विशेषज्ञों ने कई ऐसे खाद्य पदार्थों के बारे में बताया है, जो पकाने के 2 घंटे के बाद बासी होना शुरू हो जाते हैं। इसलिए इनसे परहेज करना जरूरी है।



**चावल :** बासी होने पर पके हुए चावल में बैसिलेस सैरियस बैक्टीरिया पनपने लगते हैं। जो चावल को खराब करने लगते है। दुबारा गर्म किया बासी चावल टॉक्सिक हो जाता है, जिससे फूड पॉयजनिंग भी हो सकती है। इससे मोटापा, पेट फूलना, एसिडिटी, कब्ज, अपच, डायरिया जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**आलू :** आलू चाहे सब्जी में हो या किसी दूसरे रूप में-इसे गर्म करके नहीं खाना चाहिए। बासी खाने से इसके पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं। इन्हें दुबारा गर्म करके खाने पर डाइजेस्टिव सिस्टम पर बुरा असर पड़ता है।

**पालक :** फाइबर रिच पालक हमारी आंतों को साफ करने में मदद करता है। यानी आंतों में जमे कोलेस्ट्रॉल को डिटॉक्स करने का काम करता है। लेकिन इसे ताजी पकी और गर्म खाना ही बेहतर है। लेकिन 2 घंटे बाद रूम टैंपरेचर में आने पर या एक बार ठंडी हो जाने पर अगर दुबारा खाना हो, तो उसे गर्म किए बिना खाना चाहिए। दुबारा गर्म करने से पालक में मौजूद नाइट्रेट ऐसे तत्व में बदल जाता है, जिससे कैंसर होने का खतरा रहता है। अगले दिन खाने पर डाइजेस्टिव सिस्टम में गड़बड़ी होने पर अपच की समस्या आ सकती है।


**मशरूम :** कोशिश करें कि मशरूम हमेशा फ्रेश ही पकाकर खाएं। दरअसल, दुबारा गर्म करके खाने पर इनके प्रोटीन का कंपोजीशन बदल जाता है और यह हेल्थ के लिए हानिकारक हो जाता है।

**चुकंदर :** कच्चे चुकंदर को 3-5 सप्ताह तक स्टोर किया जा सकता है। लेकिन पकाने पर इसके अंदर ग्लूकोज एक्टिव होने लगता है और शक्कर के रूप में कंवर्ट हो जाता है। पकाने के 2 घंटे के बाद खाने पर इसे डाइजेस्ट करने के लिए शरीर को इंसुलिन का स्राव ज्यादा मात्रा में करना पड़ता है। डायबिटीज की स्थिति में पका हुआ चुकंदर 2 घंटे के बाद खाना नुकसानदेह होता है।



**अंडा :** अमेरिकी संस्थान फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेटिव (एफडीए) के हिसाब से अंडे में मौजूद सैल्मोनेला बैक्टीरिया अंडा पकाने के 2 घंटे बाद एक्टिव होना शुरू हो जाता है। यह बैक्टीरिया कोलेस्ट्रॉल बहुत ज्यादा बढ़ाता है। ताजा पका या उबला अंडा पूरा खा सकते हैं, लेकिन पका हुआ अंडा बासी नहीं खाना चाहिए। अंडे को दोबारा गर्म करने से यह टॉक्सिक हो सकता है। साथ ही ध्यान रखें कि उबलते पानी में अंडे को 4-5 मिनट ही पकाना चाहिए। इसी तरह चिकन को दुबारा गर्म करके खाने से डाइजेशन प्रॉब्लम हो सकती है। *

**(अपोलो मेडिक्स अस्पताल, लखनऊ में आहार विशेषज्ञ डॉ. चेतना बंसल से बातचीत पर आधारित)**



## वर्ल्ड टीबी-डे स्पेशल

**डॉक्टर्स एडवाइस**

टीबी यानी ट्यूबरकुलोसिस (क्षय रोग) एक संक्रामक बीमारी है, जो अधिकतर कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों को होती है। ऐसे लोगों को टीबी होने का खतरा सामान्य व्यक्ति की तुलना में ज्यादा होता है। टीबी रोग, माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक कीटाणु फैलाते हैं, जो सीधे फेफड़ों को प्रभावित करते हैं। फेफड़ों के अलावा पूरे शरीर पर भी इनका असर देखने को मिलता है। दुनिया भर में लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करने और वैश्विक स्तर पर इस महामारी को खत्म करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को 'वर्ल्ड ट्यूबरकुलोसिस डे' मनाया जाता है। इस वर्ष के लिए टीबी-डे की थीम 'हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं' रखी गई है।

### क्या बताते हैं आंकड़े

विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में टीबी के कारण होने वाली मौतों में सबसे ज्यादा मौत भारत में होती हैं। दुनिया के 24 प्रतिशत टीबी के मामले केवल भारत में हैं। दुनिया में 9.6 मिलियन लोग टीबी की बीमारी से पीड़ित हैं, जिनमें से 2 मिलियन लोग केवल भारत में इस बीमारी से प्रभावित हैं। भारत में टीबी के फैलने का मुख्य कारण इस बीमारी के प्रति लोगों का जागरूक ना होना और शुरुआती दौर में बीमारी को गंभीरता से ना लेना होता है। भारत में टीबी के मरीजों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए सरकार द्वारा साल 2025 तक ट्यूबरकुलोसिस को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही सरकार द्वारा ट्यूबरकुलोसिस पीड़ितों को बीमारी के प्रति जागरूक करने के लिए कई प्रोग्राम भी चलाए जा रहे हैं।

### टीबी के प्रकार

टीबी मुख्यतः दो प्रकार का होता है।

**लेटेंट टीबी :** इसमें बैक्टीरिया शरीर में मौजूद होता है लेकिन व्यक्ति के शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली, बैक्टीरिया को सक्रिय नहीं होने देती है।

**एक्टिव टीबी :** इस प्रकार के टीबी में बैक्टीरिया व्यक्ति के शरीर में विकसित हो जाते हैं और इसके लक्षण भी महसूस होते हैं। यदि किसी व्यक्ति के फेफड़े सक्रिय टीबी से संक्रमित हों तो यह बीमारी एक से दूसरे में आसानी से फैल सकती है। इसके अलावा प्रभावित अंगों के आधार पर टीबी दो अन्य प्रकार का भी होता है-पल्मोनरी टीबी, फेफड़ों को प्रभावित करता है। यह अकसर कम उम्र के बच्चों में और वृद्धों में होता है। एक्स्ट्रापल्मोनरी टीबी, फेफड़ों से इतर अन्य अंगों में होता है जैसे- हड्डियां, एब्डोमेन, लिंफ नोड्स, किडनी, स्किन आदि। टीबी का यह प्रकार कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों में अधिक होता है।

टीबी एक घातक बीमारी है लेकिन यह लाइलाज नहीं है। अगर सही समय पर इसकी पहचान कर ली जाए और डॉक्टर के कहे अनुसार दवाएं ली जाएं तो ट्रीटमेंट पॉसिबल है। इससे बचाव के लिए भी कुछ सावधानियां बरतना जरूरी है। यहां एक्सपर्ट डॉक्टर्स टीबी के प्रकार, इसके कारण, लक्षण और इससे बचाव के तरीके के बारे में डिटेल में बता रहे हैं।

# रहें सजग-बरतें सावधानी
# संभव है टीबी से बचाव







### टीबी होने के कारण-लक्षण

टीबी होने के कई कारण हो सकते हैं। इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में स्लीप मेडिसिन एंड रेस्पिरेटरी मेडिसिन के सीनियर कंसल्टेंट **डॉ. अनिमेश आर्या** बताते हैं, 'टीबी मुख्य रूप से इसके बैक्टीरिया के हवा के माध्यम से फैलता है। यह प्रभावित व्यक्ति के थूक, बलगम, छींकने, खांसने या सांस के संपर्क में आने से एक व्यक्ति से दूसरे स्वस्थ व्यक्ति को हो सकता है। हालांकि इसका उपचार संभव है, लेकिन 50 प्रतिशत टीबी के रोगियों की मौत दवाओं का कोर्स पूरा ना करने के कारण होती है। शहरों का प्रदूषण भी टीबी रोग को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। तीन हफ्ते से ज्यादा खांसी, तेज बुखार, छाती में तेज दर्द, वजन का अचानक घटना, भूख में कमी आना, बलगम के साथ खून आना, सांस लेने में तकलीफ होना, गले के नसों में सूजन होना, ठंड लगना, मांसपेशियों में क्षति होना, सांस फूलना आदि टीबी होने के सामान्य लक्षण हो सकते हैं।'

### बचाव के तरीके

नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में रेस्पिरेटरी मेडिसिन के सीनियर कंसल्टेंट, **डॉ. शीबा कल्याण बिस्वाल** कहते हैं, 'यदि टीबी का समय पर उपचार नहीं किया जाए तो कई जटिलताएं पैदा हो सकती हैं, जिनमें एमडीआर (मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट) ट्यूबरकुलोसिस, मेनिंजाइटिस या सीएनएस टीबी, क्रोनिक या सुपरेटिव लंग डिजीज, हड्डी और जोड़ों की समस्याएं, लिवर और किडनी से संबंधित बीमारियां आदि शामिल हैं। अन्य कारक कमजोर प्रतिरक्षा और स्वच्छता का अभाव हो सकता है, जिससे इस बीमारी को बढ़ावा मिलता है। इसलिए मजबूत प्रतिरक्षा बनाए रखने और टीबी के शिकार लोगों के संपर्क में आने से बचने की सलाह दी जाती है। स्वच्छता संबंधी कुछ सामान्य तरीकों जैसे खांसते वक्त अपने मुंह को ढंकना, भीड़-भाड़ वाली जगहों में थूकने से परहेज करना और उचित ढंग से चिकित्सा कराना बहुत आवश्यक है।'

### जांच-उपचार के तरीके

टीबी के जांच और इलाज के बारे में धर्मशिला नारायणा सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट और क्लिनिकल लीड-पल्मोनरी, **डॉ. नवनीत सूद** कहते हैं, 'टीबी एक संक्रामक रोग है, इसे प्रारंभ में ही ना रोका गया तो यह जानलेवा साबित हो सकता है। इस रोग से प्रभावित अंगों में छोटी-छोटी गांठ बन जाती हैं। प्राथमिक उपचार ना होने पर धीरे-धीरे प्रभावित अंग अपना कार्य करना बंद कर देते हैं, जिससे व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। छाती का एक्स रे, बलगम की जांच, स्किन टेस्ट और आईजीएम हीमोग्लोबिन जांच के जरिए टीबी का पता लगाया जा सकता है। ये सभी जांचें सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध हैं। टीबी का इलाज सरकारी अस्पतालों और डॉट्स सेंटरों में निःशुल्क उपलब्ध है। टीबी का इलाज लंबा चलता है, 6 महीने से लेकर 2 साल तक का समय इसे ठीक होने में लग सकता है। टीबी के मरीजों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि दवा को बीच में ना छोड़ें, बीच में छोड़ देने से बैक्टीरिया में दवाओं के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता विकसित होने लगती है और इलाज काफी मुश्किल हो जाता है। इलाज शुरू होने के शुरुआती 2 हफ्ते से लेकर 2 महीने तक इसका इंफेक्शन दूसरों को फैल सकता है। टीबी एक बेहद गंभीर बीमारी है, लेकिन सही समय पर इलाज कराकर इससे बचा जा सकता है।' *

### ना बरतें लापरवाही



- दो हफ्ते से अधिक खांसी होने पर लापरवाही ना बरतें, बलगम की जांच कराएं या तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।
- टीबी के मराजों से दूरी बनाकर रखें।
- इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग करने के लिए विटामिंस, मिनरल्स, कैल्शियम, प्रोटीन और फाइबररिच भोजन खाएं।
- टीबी के मरीजों को मास्क लगाकर रखना चाहिए, जिससे खांसने-छींकने से यह रोग ना फैले।
- किसी टीबी रोगी से मिलकर वापस आने के बाद अपने मुंह, हाथ अच्छी तरह धो लें।
- डॉट्स सेंटर से दवाई लें और डॉक्टर के कहे अनुसार 6 महीने तक खाएं, दवा को बीच में ना छोड़ें। इससे रोग की जटिलता बढ़ सकती है। *



# बच्चों को भी होता है अर्थराइटिस का रिस्क

केवल वयस्कों को ही नहीं बच्चों को भी अर्थराइटिस यानी गठिया की समस्या हो सकती है। इस रोग के होने के क्या कारण हैं, इनकी पहचान कैसे हो सकती है, इसके प्रमुख लक्षणों, डायग्नोसिस के तरीकों, उपचार और सावधानियों के बारे में जानिए।

**डिजीज**

**डॉ. गौरव खेरा**
**ऑर्थोपेडिक सर्जन**
**अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल, दिल्ली**

आमतौर पर अर्थराइटिस की समस्या वृद्धों और वयस्कों में ज्यादा दिखती है। लेकिन अब 2 से 15-16 साल के बच्चे और किशोर भी इससे पीड़ित हो रहे हैं। इसको बचपन का गठिया या किशोर गठिया कहा जाता है। बचपन के गठिया का सबसे आम प्रकार, जो बड़ी संख्या में बच्चों में देखा जाता है, उसे जुवेनाइल इडियोपैथिक अर्थराइटिस (जेआईए) या जुवेनाइल रूमेटाइड अर्थराइटिस कहते हैं। यह स्थिति बढ़ते बच्चे में हड्डी के विकास पर असर डालती है। इसलिए इसकी पहचान होते ही बच्चे का इलाज तुरंत करवाना जरूरी है। इसके लिए पैरेंट्स को सतर्क रहना चाहिए और डॉक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करना चाहिए।

**क्या है जुवेनाइल इडियोपैथिक अर्थराइटिस :** जुवेनाइल इडियोपैथिक अर्थराइटिस की समस्या तब शुरू होती है, जब किसी बच्चे या किशोर का इम्यूनिटी सिस्टम, उसकी अपनी कोशिकाओं और ऊतकों पर हमला करने लगती है। इससे बोन ज्वाइंट्स को नुकसान पहुंचता है। इससे बच्चे के हड्डियों के विकास में बाधा आती है और उसकी फिजिकल ग्रोथ भी रुकती है। इससे बच्चे को लंबे समय तक गंभीर दर्द का सामना करना पड़ सकता है।

**प्रमुख लक्षण :** बच्चों में अर्थराइटिस होने पर उसे असहनीय जोड़ों का दर्द, सूजन, थकान, भूख कम लगना, शरीर में अकड़न, बुखार, चलने में असमर्थता, त्वचा पर दाने और लिंफ नोड्स में सूजन जैसी शिकायतें हो सकती हैं।

**रोग के कारण :** बचपन में होने वाली गठिया का मुख्य कारण अभी तक पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है। लेकिन ऐसा देखने में आया है कि जिन बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली ठीक से काम नहीं करती है, उनमें यह समस्या पाई जाती है। इसके कारण जोड़ों और शरीर के अन्य हिस्सों में सूजन आती है।

**परीक्षण-उपचार :** पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अर्थराइटिस होने की आशंका ज्यादा होती है। एक्स-रे, एमआरआई, सीटी स्कैन, बोंस स्कैन और ब्लड टेस्ट्स की मदद से अर्थराइटिस का पता लगाया जाता है। डायग्नोसिस के बाद ट्रीटमेंट के लिए बच्चे को दवा, फिजियोथेरेपी, पोषण संबंधी सलाह, नियमित शारीरिक गतिविधियां, वजन प्रबंधन और पर्याप्त आराम की सलाह डॉक्टर द्वारा दी जाती हैं। उपचार का उद्देश्य दर्द और सूजन को कम करना, फिजिकल एक्टिविटी मंद सुधार करना और बच्चे में जोड़ों और हड्डियों की क्षति को रोकना होता है। बेहतर रिजल्ट के लिए ट्रीटमेंट के साथ ही पैरेंट्स को अपने बच्चे की एक्टिविटीज और डाइट पर ध्यान देना भी जरूरी है। समय रहते सही इलाज किया जाए तो बच्चा पूरी तरह ठीक हो सकता हैं, अन्यथा गठिया की समस्या हड्डियों के विकास को प्रभावित कर सकती है और बच्चे को आगे चलकर पतली हड्डियों (ऑस्टियोपोरोसिस) का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में प्रॉपर ट्रीटमेंट में देर नहीं करनी चाहिए। *

**घरेलू औषधि**

# रोगनाशक-स्वास्थ्यवर्धक गेहूं के जवारे



जवारे हिंदू संस्कृति में बड़ा धार्मिक महत्व रखते हैं। नवरात्र में मां जगदंबा की पूजा-अर्चना करने वाले, नए मिट्टी के बर्तन मंज शुद्धता के साथ जवारे बोते हैं। गेहूं का जवारा गेहूं की पौध को कहते हैं। इसी को वीटग्रास कहते हैं। जवारों का धार्मिक महत्व तो है ही इसमें भरपूर स्वास्थ्यवर्धक गुण भी होते हैं। यहां जानिए गेहूं के जवारों के बारे में।

**सेवन से मिलने वाले लाभ :** जवारों का सेवन रक्त संचार संबंधित रोगों में, शरीर में रक्त की कमी में और उच्च रक्तचाप में बहुत लाभकारी है। इसके अलावा पेट के पाचन संबंधित रोग, पेट में छाले, कैंसर, आंतों की सूजन, बार-बार सर्दी लगना, अस्थमा, नाक का बंद होना, दांतों की हिलने, मसूड़ों से खून आना, चर्मरोग और किडनी संबधी रोगों में भी मददगार है। साथ ही हीमोग्लोबिन, रक्त की कमी और थाइरॉयड रोगों के लिए यह लाभकारी है। अत्यंत पीड़ादायक गठिया की रोकथाम करने, सूजन कम करने में भी जवारों का सेवन हितककेर है। किसी कारण से शरीर में आई दुर्बलता में इसका सेवन हितकर है। इसका सेवन प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर कोशिकाओं को सक्रिय करने में सहायता करता है।

**पोषक तत्वों का भंडार :** गेहूं के जवारे में बहुत पोषक तत्व पाए जाते हैं। जैसे- बीटा कैरोटीन, फोलिक एसिड, लौह तत्व, कैल्शियम, मैगनीशियम, विटामिन बी कॉम्पलेक्स और विटामिन के आदि। फोलिक एसिड हमारे शरीर में लाल रक्त कणों को उन्नत कर रक्त में होमोसिस्टीन नामक रसायन की मात्रा नियंत्रित करने में मददगार है। होमोसिस्टीन की मात्रा रक्त में ज्यादा होने से ना केवल रक्त चाप बढ़ता है, हृदय रोग, डिमेंशिया और स्ट्रोक की आशंका बढ़ जाती है। आंत के कैंसर के बढ़े खतरे को कम करने में जवारों का बहुत बड़ा योगदान होता है। लू लग जाने पर जवारों का रस लाभकारी है।

**सेवन के तरीके :** जवारों के रस का सेवन तीस से साठ मिली. तक एक दिन में दो-तीन बार ले सकते हैं। जिन लोगों को पहली बार पीने में उबकाई आए तो घबराएं नहीं बल्कि कम मात्रा में और धीरे-धीरे शुरू करें। जब भी जवारों का रस पीना हो ताजा निकालकर ही पिएं। तीन घंटे बाद जवारों के रस के पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। खाली पेट जवारों का जूस पीना बहुत गुणकारी होता है। मोटापे से परेशान लोगों के लिए तो बहुत ही गुणकारी है, क्योंकि इसमें कैलोरी बहुत कम मात्रा में होती है और वसा भी नहीं होता है। ध्यान रहे पूरा लाभ लेने के लिए हमेशा जवारों के जूस का सेवन खाली पेट ही करें।

**अधिक प्रयोग हानिकारक :** इतना फायदेमंद होने के बावजूद जवारों का अधिक मात्रा में सेवन नुकसान कर सकता है। पेट में गैस, ऐंठन और सूजन हो सकती है। बेहतर यही होगा कि किसी भी रोग निवारण के लिए जवारों का सेवन अनुभवी वैद्य या आयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह पर ही करें। *

**-वैद्य हरिकृष्ण पांडे 'हरीश'**

"सितारे का साथ-आपके हाथ"
अब पढ़े = कहीं भी, कभी भी
आपका पसंदीदा समाचार पत्र
अब पढ़ सकेंगे मोबाईल और कंप्यूटर पर भी
अब अखबार ऑनलाइन वेबसाइट एवं व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध
अगर आपको आपके दैनिक अखबार "गरीबों का सितारा" की प्रति प्राप्त नहीं हो रही है तो अब आप मैसेज करके एवं ऑनलाइन माध्यम से भी अखबार पढ़ सकते हैं...
Log in करे : www.garibonkasitara.com
अखबार की पीडीएफ प्राप्त करने के लिए आज ही अपना नाम और क्षेत्र हमें मैसेज करें...
8233553666, 9782527840, 9828853546
या बार कोड स्कैन करे...
।। सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ।।
गरीबों का सितारा
निष्पक्ष कलम | निर्भीक आवाज
भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार
अधिक जानकरी के लिए सम्पर्क करें...
राजेन्द्र शर्मा (प्रधान सम्पादक) Mob. 7733050125

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# राजीव गांधी जल संचय योजना के तहत पाटन में अमृत सरोवर का शिलान्यास स्थानीय विधायक के द्वारा किया

*विशिष्ट अतिथी स्थानीय प्रधान मीरा मांगेलाल मीना , जिला पार्षद मौसम देवी व मण्डल सदस्य सविता देवी रही व कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच सरोज मीना के द्वारा की*

गरीबों का सितारा

**रैणी (अलवर), महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत-पाटन मुख्यालय पर विश्व जल दिवस के अवसर पर राजीव गांधी जल संचय योजना के द्वितीय चरण के अन्तर्गत जोहड खुदाई







कार्य मे अमृत सरोवर का शिलान्यास मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना के द्वारा बुधवार को किया गया। इस कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रैणी प्रधान मीरा मांगेलाल रही तथा साथ मे विशिष्ट अतिथि के तौर पर ही जिला पार्षद मौसम देवी व पंचायत समिति सदस्य सविता देवी भी रही और कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच सरोज मीना के द्वारा किया गया ।इस कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक स्तरीय सभी अधिकारी व जनप्रतिनिधी मौजूद रहे तथा ग्राम वासियो के द्वारा तथा स्थानीय जन प्रतिनिधियो व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियो के द्वारा जोहड खुदाई कार्य के दौरान श्रम दान करते हुए भी देखा गया । श्रमदान करने मे शामिल हुए स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना व रैणी प्रधान मीरा मांगेलाल मीना व रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर तथा जिला पार्षद मौसम देवी व मण्डल डायरेक्टर सविता देवी और स्थानीय सरपंच सरोज मीना व रैणी बीडीओ कालूराम मीना और सरपंच बीलेटा नवल किशोर गुर्जर व माचाड़ी सरपंच प्रतिनिधी आनन्द सिंह व पलवा पंचायत सरपंच प्रतिनिधी कालूराम मीना सहित रामकिशन मीना फिरोजपुर सरपंच तथा धोले खान , संजय शर्मा सहित समस्त पाटन पंचायत स्टाफ और समस्त जेटीए व जलदाय विभाग के एईएन व पीडब्लूडी सहायक अभियन्ता सहित रैणी ब्लॉक स्तरीय सभी विभागो से मौजूद रहे। इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय नारी शिरोमणी अवार्ड से सम्मानित स्थानीय सरपंच सरोज मीना का रैणी सरपंच संघ की ओर से पुष्प गुच्छ देकर स्वागत सत्कार किया गया व राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना द्वारा स्थानीय सरपंच एवं महिला प्रकोष्ठ (जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन ) भी स्वागत सत्कार किया गया।मिडिया को यह सारी जानकारी स्थानीय सरपंच सरोज मीना के द्वारा दी गई है।

### मधु को मिला पित की थैली के दर्द से निजात

# जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव के अप्रूवल पर चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत हुआ निशुल्क ऑपरेशन

## गोविन्दगढ़ सीएचसी से लाया गया लेप्रोस्कोफी सेट

गरीबों का सितारा

**सीकर(अरविन्द कुमार)।** मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना आमजन के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के तहत रींगस के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बुधवार को 18 वर्षीय युवती के पित की थैली का दूरबीन से ऑपरेशन कर दर्द से निजात दिलाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि रोगी का मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में पंजीयन नहीं होने पर जिला कार्यक्रम समन्वयक (मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना) सुखविंदर सिंह को अवगत कराया गया और जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव से अप्रूवल दिलवाया। इस पर रोगी का योजना के तहत सफलतापूर्वक निशुल्क ऑपरेशन हुआ है। टीम में डॉ जितेंद्र यादव सर्जन, एनेस्थेटिक डॉ ओमप्रकाश सामोता, डॉ प्रकाश घायल, नर्सिंग ऑफिसर सुभाष घायल, विजय सागर लाम्बा, सूरज कुमावत शामिल रहे। सीएचसी के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ



विनोद कुमार गुप्ता ने बताया की न्यू आजाद कॉलोनी वार्ड नंबर एक की रहने वाली 18 वर्षीय मधु पुत्री पूरणमल को पेट में दर्द की शिकायत थी। इससे वह बहुत परेशान थी और सीएचसी में कार्यरत वरिष्ठ सर्जन डॉ जितेंद्र यादव से परामर्श लेने आई। डॉ यादव ने सोनोग्राफी मे पित की थैली में सूजन तथा पथरी होना देखकर ऑपरेशन की सलाह दी। इस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की टीम ने दूरबीन से ऑपरेशन करने योजना बनाई। उन्होने बताया की लेप्रोस्कोपी से पित की थैली का ऑपरेशन वर्तमान में जिला स्तर हॉस्पिटल में ही हो रहा है। ऐसे में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रींगस में एक नया कितीर्मान मनाया है। उन्होंने बताया कि लेप्रोस्कोफी सेट गोविंदगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लाकर युवती का ऑपरेशन किया गया। विधायक खंडेला एवं भामाशाहों के सहयोग से लेप्रोस्कोपी सेट जिसकी कीमत लगभग 20 लाख है सीएचसी रींगस के लिए उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे है ताकि लेप्रोस्कोपी मशीन आने पर जनरल सर्जरी के साथ स्त्री एवं प्रसुति रोग तथा कान, नाक, गला रोग की सर्जरी में भी सुविधा होगी।

# श्री दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर हाथोज धाम में नवरात्रि घटस्थापना





गरीबों का सितारा

**हाथोज।** श्री दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर हाथोज धाम में चैत्र नवरात्रि की घटस्थापना स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज के सानिध्य में हुई संपन्न। दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर हाथोज धाम में नव दिवसीय चैत्र नवरात्रि घटस्थापना स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज के सानिध्य में वैदिक विद्वानों द्वारा प्रातः 7:15 बजे की गई।स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने बताया कि प्रातः घटस्थापना पश्चात महाआरती का आयोजन कर मंदिर के शिखर पर ध्वज धारण कराया गया।उन्होंने बताया कि प्रतिदिन मंदिर परिसर में दुर्गा सप्तशती एवं वाल्मीकि सुंदरकांड के पाठ पंडित गोविंद नारायण भातरा के सानिध्य में 5 वैदिक विद्वानों के द्वारा किए जाएंगे यह नव दिवसीय कार्यक्रम नवमी तिथि तक लगातार जारी रहेगा। आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिंदू नव वर्ष संवत 2080 के पावन पर्व पर सुबह से ही भारी संख्या में दर्शनार्थियों का आगमन होता रहा भक्तों ने बालाजी महाराज के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाकर आशीर्वाद लिया।

# हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्र स्थापना मनाया गया

## जिला कांग्रेस कमेटी अलवर की ओर से जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में मनाया

गरीबों के सितारा

**युवराज शर्मा, अलवर।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया की विक्रम संवत 2080 चैत्र शुक्ला प्रतिपदा हिंदू नव वर्ष और नवरात्रा स्थापना के शुभ अवसर पर कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने प्रातः 9:.15 बजे होप सर्कस के पास स्थित श्री गणेश मंदिर मे जाकर पूजा अर्चना की एवं लड्डुओं का भोग लगाया ।जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने उपस्थित सभी कांग्रेसजन, श्रद्धालुओं, समस्त जिले एवं शहर वासियों को शुभकामनाए दी एवं भगवान से प्रार्थना की ये नव वर्ष सभी के जीवन सुख, शांति एवं समृद्धि लाये।उसके पश्चात होप सर्कस पर राहगीरों को चंदन का तिलक लगाकर बधाई दी व लड्डुओं का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस शहर अध्यक्ष (अ) जयदीप आर्यन, शहर अध्यक्ष (ब) प्रीतम मेहंदीरत्ता , उपाध्यक्ष सतीश



भाटिया, करण सिंह चौधरी , राजेन्द्र पाल शर्मा, हीरेन्द्र शर्मा, चन्द्रभान गुर्जर, जीतकौर सांगवान, फूल चंद शर्मा, हरिशंकर रावत ,जोगेंद्र कोचर, रिपु दमन गुप्ता , शैलेन्द्र अवस्थी , राजेश विरमानी , पंकज शर्मा, अंकित गोयल , हिमांशु शर्मा, गोपाल जायसवाल, केके खंडेलवाल, गोपेश शर्मा, पार्षद बीना नरुका , राजेश सैनी, धारा सिंह, मनीष कोली, डालचंद वर्मा, मोहित जैन, बिजेंद्र सैन, शोभा साहू, वैभव नरूका, मनोज आहूजा, सुरेश कोली आदि उपस्थित रहे।

# महाप्रबंधक ने विभागाध्यक्ष और मण्डल रेल प्रबंधको के साथ की कार्य समीक्षा बैठक

## वन्दे भारत ट्रेन के संचालन और अनुरक्षण की तैयारियों पर की चर्चा निर्माण

### परियोजनाओं, विद्युतीकरण, यात्री सविधाओं के कार्यों पर विशेष ध्यान देने पर दिया बल

गरीबों का सितारा





**जयपुर ।** विजय शर्मा महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे ने उत्तर पश्चिम रेलवे पर विभागों के विभागाध्यक्षों तथा चारों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ आज दिनांक 22.03.2023 को कार्य समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में श्री विजय शर्मा, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे ने आगामी समय में उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित की जाने वाली सेमी हाई स्पीड ट्रेन वन्दे भारत के संचालन और अनुरक्षण की तैयारियों पर चर्चा की और निर्माण परियोजनाओं, विद्युतीकरण तथा यात्री सुविधाओं के कार्यों को लक्ष्यानुसार पूरा करने पर विशेष ध्यान देने के दिशा-निर्देश प्रदान किये। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार कार्य समीक्षा बैठक में श्री विजय शर्मा, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे ने उत्तर पश्चिम रेलवे को मिलने वाली प्रथम वन्दे भारत ट्रेन के संचालन और उसके अनुरक्षण की तैयारियों के बारे में चर्चा की।महाप्रबंधक महोदय ने उत्तर पश्चिम रेलवे के विभिन्न रेलखण्डों पर ट्रेक की गति क्षमता को 130/160 किलोमीटर प्रति घंटा तक करने सम्बंधी कार्यों की प्रगति पर भी अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। इसके इसके साथ ही बैठक में उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्तमान में चल रही निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को लक्ष्यानुसार पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही संरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुये रेलसेवाओं के सुरक्षित एवं संरक्षित संचालन के लिये भी निर्देश दिये।बैठक में महाप्रबन्धक महोदय ने सभी मण्डलों पर जारी विद्युतीकरण कार्यों, यात्री व यातायात सुविधा कार्यों की प्रगति रिपार्ट ली इसके शीघ्र क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की।इसके साथ ही बैठक में आगामी ग्रीष्मकाल में बरती जाने वाली सावधानियों पर भी चर्चा की गई। रेलवे स्टेशनों और रेलवे कालोनियों में पानी की समुचित व्यवस्था तथा बिजली आपूर्ति के बारे में दिषानिर्देष प्रदन किये।इसी माह चारों मण्डलों पर आयोजित किये जाने वाले रोजगार मेला पर भी विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही बजट 2023 में उत्तर पश्चिम रेलवे को आवंटित बजट के अनुसार कार्यों को समयानुसार निष्पादित करने हेतु दिशा निर्देशित किया। बैठक में मण्डल रेल प्रबन्धकों ने भी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मण्डलों की प्रगति के बारे में जानकारी प्रदान की। श्री विजय शर्मा ने यात्री सुविधाओं संबंधित कार्य जैसे लिफ्ट, एस्केलेटर, फुट ओवर ब्रिज इत्यादि पर सतत निगरानी के साथ-साथ रेलवे ट्रेक कार्यो की मॉनिटरिंग सुचारू रूप से करने के निर्देश भी दिये। साथ ही रेलवे पर चल रहे आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के कार्यो यथा विद्युतीकरण एवं दोहरीकरण कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए विशेष मॉनिटरिंग पर भी बल दिया गया।

# न्यू आदर्श बी.एड .कॉलेज में हिंदू नववर्ष व चैत्र नवरात्र त्यौहार बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** कालवाड रोड कांटा चौराहा के पास श्री रामनगर स्थित न्यू आदर्श बी.एड.कॉलेज में हिंदू नववर्ष व चैत्र नवरात्रि के त्यौहार पर कॉलोनी की सैकड़ों महिलाओं व स्टॉफ ने पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना कर पूरी परंपरागत तरीके से मनाया। आपको बता दें कि न्यू आदर्श परिवार






के सदस्यों द्वारा मां को घर में विराजमान करने से पहले कॉलेज द्वार पर अलग-अलग सुंदर रंगारंग रंगोली बनाई गई। पार्षद वार्ड नं 36 शेर सिंह धाकड़ के सहयोग व नगर निगम स्टॉफ द्वारा भी साफ सफाई व रंगोली बनाई गई। इसी बीच उपस्थित कॉलोनी की सैकड़ों महिलाओं ने स्कूल के आंगन में ढोलक तबला बजाकर गीत गाकर एवं नृत्य करके गणगौर (बिंदोरा) मनाया। बता दें कि आज के दिन इन दोनों त्यौहारो को पूरे आनंद श्रद्धा भाव से मनाया। इसी बीच न्यू आदर्श ग्रुप के संस्थापक मनोज शर्मा ने बताया कि हर वर्ष ही चैत्र नवरात्रा व नववर्ष बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाता है, जिसमे प्रकृति भी अपना पूरा सहयोग देती है। जैसे पेड़ो पर नए फूल-पत्तियां आना व मौसम में परिवर्तन होना आदि। इसीलिए आज के दिन व्रत(उपवास) का भी स्वास्थ्य के नजरिये से अलग महत्व होता है। उपवास के वैज्ञानिक महत्व की वजह से ही कल से रमजान शुरू हो रहे है, जिसमे पूरे माह उपवास किया जाता है। मेरा यही कहना है कि सभी त्यौहारो को बड़े धूमधाम से मनाना चाहिए, जिससे आज के युवाओं को भी प्रेरणा मिलती रहे। पूरे भारतवर्ष में इन दोनों त्यौहारो को लेकर खासा उत्साह एवं उमंग है और कहा कि नवरात्रि का यह पर्व चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि को बहुत महत्व दिया गया है। मान्यता है कि यदि इन दिनों कोई भी भक्त पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करता है,तो मां दुर्गा उससे प्रसन्न होती हैं और उसकी हर मनोकामना पूरी करती हैं। ज्योतिष शास्त्र में इन नौ दिनों में दुर्गा मां की विशेष कृपा पाने के उपाय बताए गए हैं। ये आसान और अचूक उपाय करने से न केवल आप पर बल्कि आपके घर परिवार पर भी मां दुर्गा की कृपा बरसती है। घर में सुख-समृद्धि आती है। इस दौरान ग्रुप की संरक्षक वैध हरिप्रसाद शर्मा, गीता देवी शर्मा, निदेशक टिनी टॉट्स एकेडमी, किरण देवी शर्मा, निदेशक ममता शर्मा, पार्षद शेर सिंह धाकड़ सहित स्टाफ एवं क्षेत्र की कई महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# नवसंवत्सर पर पुष्पेंद्र भारद्वाज के जनसेवा कार्यालय पर हआ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** हिन्दु नववर्ष के अवसर पर सांगानेर में कांग्रेस नेता और जनसेवक पुष्पेंद्र भारद्वाज के नेतृत्व में कांग्रेस के सांगानेर जनसेवा कार्यालय पर सैकड़ों लोगों ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया और सांगानेर की खुशहाली की कामना की । पूरे भारत वर्ष में नवसंवत्सर 2080 का स्वागत पूरे जोर शोर से किया गया इसी कड़ी में ए आई सी सी सदस्य पुष्पेंद्र भारद्वाज के जनसेवा कार्यालय पर सैकड़ों लोगों ने गले में भगवा गमछा डालकर एकस्वर में हनुमान चालीसा का पाठ किया इसके साथ ही सांगानेर सहित पूरे राष्ट्र व विश्व की खुशहाली की कामना की इस अवसर पर पुष्पेंद्र भारद्वाज ने कहा की नववर्ष का आगमन जीवन में नवीनता का सूचक होता है वर्तमान में ईसाई कैलेंडर के प्रचलन के कारण 1 जनवरी को नववर्ष मनाया जाता है लेकिन हिन्दु नववर्ष प्रत्येक वर्ष



चैत्र माह से शुरू होता है इस समय वसंत ऋतू का आगमन होता है पौराणिक कारणों के अनुसार सृष्टि का उद्धभव इसी दिन हुया था , भगवान राम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुया था इस समय पतझड़ ऋतू के बाद वृक्षों पर नई कोपलें जीवन की नवीनता का संदेश देती हैं हमारे देश म प्रत्येक त्योहार व्रत एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी हिन्दु कैलेंडर के अनुसार ही होता है हिन्दु होने के नाते हम सभी को हिन्दु नववर्ष को बहुत धूमधाम से मनाना चाहिए इसी क्रम में सांगानेर जनसेवा कार्यालय पर नव वर्ष के स्वागत में इष्टदेव बालाजी महाराज की कृपानुसार सैकड़ो लोगो ने एकसाथ हनुमान चालीसा का पाठ किया इस दौरान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश व्यास , मण्डल अध्यक्ष हनुमान शर्मा , रणजीत सूला , पार्षद आशीष परेवा ,हरिओम स्वर्णकार , चंद्रवीर सिंह,आशीष परेवा, कैलाश जोशी ,घनश्याम कुलवाल ,अमिताभ शर्मा , कविता सेनी,इन्दु शर्मा ,अमित सेनी ,यशपाल भाटिया ,धीरज माहेश्वरी ,महेश शर्मा ,करण सिंह , कृष्णवतार शर्मा , अंशु मेदवास, मनोज मीणा , सचिन मीणा , अमित मिड्डा , सियाराम शर्मा, नीलम उपाध्याय , धर्मेंद्र धनोपिया , लोकेश पंवार, प्रवीण तिवाड़ी सहित सैकड़ो धर्मप्रेमी आमजन मोजूद रहे ।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com